

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 30 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 13 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 26 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण

कंगना रनौत ने खरीदी 3 करोड़ की लग्जरी कार ◂◂ 6

## जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी दे रहा रहा था धमकी, पीड़िता ने कर ली आत्महत्या




**दुमका:** जिले के जामा थाना क्षेत्र में एक दुष्कर्म पीड़िता ने आरोपी की धमकी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई जगह छापेमारी की है पर वह फिलहाल गिरफ्त से बाहर है।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल जामा थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती ने इसी वर्ष मार्च महीने में गांव के ही अपने समुदाय के एक युवक अजमल अंसारी पर शादी का झांसा देकर लगातार यौन शोषण का आरोप लगाया था. गांव में इसके निपटारे के लिए कई बार पंचायती भी हुई थी पर जब बात नहीं बनी तो थाने में 19 मार्च 2024 को मामला दर्ज कराया था. जिसकी केस संख्या 27/24 है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया था. इधर आरोपी अजमल को कुछ दिन पूर्व जमानत मिली थी और वह फिर से गांव आ गया. वापस आने के बाद लगातार वह पीड़िता और उसके परिजनों को केस उठाने का दवाब और धमकी दे रहा था. इसी से भयभीत होकर रविवार की शाम पीड़िता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** इस पूरे मामले पर जामा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि एक युवती ने आत्महत्या की है. इस संबंध में उनके परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दी है कि पीड़िता ने एक युवक पर यौन शोषण का आरोप लगाया था और वह युवक जेल गया था. जमानत पर वापस आने के बाद आरोपी लगातार केस उठाने की धमकी दे रहा था, जिससे तंग आकर उसने खुदकुशी कर ली है. उन्होंने कहा कि धमकी देने की जानकारी पहले परिजनों ने थाने को नहीं दी थी. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी अजमल की गिरफ्तारी के लिए रविवार की रात कई जगह छापेमारी की गई पर वह पकड़ में नहीं आ सका. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## सुनामी की तरह अडानी के खातों में आता है पैसा, तूफान की तरह आपके अकाउंट हो रहे खाली : राहुल



**अंबाला :** हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अंबाला में कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने एक जनसभा को संभोदित करते हुए कहा अडानी खेत में मेहनत नहीं करते, कोई छोटा व्यापार नहीं करते। लेकिन हर सुबह उनके बैंक अकाउंट में सुनामी की तरह पैसा आ रहा है। जितना पैसा उनके अकाउंट में सुनामी की तरह घुस रहा है,उतना ही पैसा आपके बैंक अकाउंट से तूफान की तरह निकलता जा रहा है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, ...महिला शक्ति योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 2000 रुपये जमा किए जाएंगे। एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में दिए जाएंगे। हम सामाजिक सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करेंगे और विधवाओं, बुजुर्गों और विकलांगों के बैंक खातों में हर महीने 6000 रुपये जाएंगे... एमएसपी की गारंटी दी जाएगी।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ₹यहां का किसान पूरे देश का अन्नदाता है। आपने आंदोलन किया... आपको कहा गया कि टरढ मिलेगी, आपके साथ विश्वासघात हुआ... नौजवानों को रोजगार नहीं मिला...आपने देखा कि हाल ही में ओलंपिक में क्या हुआ...सरकार आपके लिए कुछ नहीं कर रही है। एक भी भर्ती नहीं होती है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हूडा ने कहा राहुल गांधी जी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' की, जिसके बाद देशभर के कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।आज पूरा देश हरियाणा की ओर देख रहा है।पूरे हरियाणा में बस एक आवाज उठ रही है कि कांग्रेस आ रही है और भाजपा जा रही है।हमारी 36 बिरादरी ने मन बना लिया है- हरियाणा में अबकी बार कांग्रेस की सरकार।


### कल्पना सोरेन के प्रोग्राम से पहले टला बड़ा हादसा

## गिरिडीह कॉलेज के बहुउद्देशीय परीक्षा भवन का फॉल्स सीलिंग गिरा

**मेट्रो रेज**

**गिरिडीह:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में बड़ा हादसा हो सकता था। इस कार्यक्रम में कई लोग घायल हो सकते थे लेकिन उससे पहले एक घटना घट गई और कार्यक्रम स्थल को फिर बदल दिया गया।

दरअसल सोमवार को गिरिडीह महाविद्यालय के बहुउद्देशीय परीक्षा भवन में झारखंड युवा मोर्चा का सम्मेलन था। इस सम्मेलन को कल्पना सोरेन संबोधित करने वाली थी.





कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी. सजावट हो चुकी थी, बाजा लगाने का काम भी चल रहा था।

इस बीच सोमवार की सुबह कार्यक्रम स्थल के हॉल की फॉल्स सीलिंग गिर गई। जिस वक्त फाल्स सीलिंग गिरी उस वक्त वहां पर कुछ मजदूर काम कर रहे था। मजदूर थोड़ी दूर पर थे इसलिए किसी को चोट नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप मंडल पहुंचे. पूरे मामले से कॉलेज प्रबंधन को अवगत कराया गया। दिलीप मंडल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी थी. चंद घंटे में विधायक कल्पना सोरेन वहां पहुंचती और फिर सम्मेलन शुरू हो जाता। कहा कि सम्मेलन से पहले फॉल्स सीलिंग का हिस्सा गिर गया और सम्मेलन के स्थल में फेरबदल कर दिया गया है. अब सम्मेलन नगर भवन में होगा, जिसकी तैयारी की जा रही है। कुछ घंटे में पूरा नगर भवन सज जाएगा और कार्यकर्ता भी आना शुरू कर देंगे।

**की जाएगी जांचः** प्राचार्य

इधर गिरिडीह महाविद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार ने कहा कि उन्हें भी यह सूचना मिली है कि भवन का फॉल्स सीलिंग गिर गया है। वे अभी उक्त स्थल पर जायेंगे और जांच होगी।



## सीएम आवास घेरने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने कांके रोड में रोका

**मेट्रो रेज**

**रांची :** सीएम आवास का घेराव करने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास रोक दिया. सोमवार को सैकड़ों की संख्या में अलग-अलग जिलों से आये आंदोलनकारी कांके रोड स्थित सीएम आवास का घेराव करने निकले थे. जिसके बाद सभी को रोक दिया गया. सीएम आवास के पास सिटी एसपी, एसडीएम, एडीएम,कई डीएसपी सहित भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद है।

**आंदोलनकारी की मान्यता के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग :** जान लें कि झारखंड आंदोलनकारी की मान्यता के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, राजकीय मान-सम्मान के साथ अलग झारखंडी पहचान, बेटे-बेटियों को रोजी रोजगार व नियोजन के लिए शत-प्रतिशत अधिकार की गारंटी देने मांग की जा रही है. साथ ही आंदोलनकारियों के लिए सम्मान पेंशन राशि तथा प्रत्येक झारखंड आंदोलनकारी को 50-50 हजार की राशि दिये जाने की मांग को लेकर 30 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना, प्रदर्शन व घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया था।

## सिर्फ लिंग के आधार पर महिला केंडीडेट को रोजगार से वंचित करना संविधान के प्रावधानों के खिलाफ : हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि सिर्फ लिंग के आधार पर महिला उम्मीदवार को रोजगार से वंचित करना भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के प्रावधानों के खिलाफ है. दरअसल वर्ष 2005 में याचिकाकर्ता शिप्रा तिवारी के पिता ने हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दाखिल की थी, जिसपर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को याचिकाकर्ता के पिता के आश्रित को मुआवजे के साथ-साथ रोजगार मुहैया करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के इस आदेश को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एलपीए दायर कर चुनौती दी थी, जिसे हाईकोर्ट ने वर्ष 2013 में खारिज कर दिया।

**हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी याचिकाकर्ता को रोजगार नहीं दिया गया :** लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी याचिकाकर्ता को रोजगार नहीं दिया गया, जिसके बाद उसने हाईकोर्ट का रुख किया. सुनवाई के दौरान शिप्रा तिवारी की ओर से बहस कर रहे अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि महिला को रोजगार से वंचित करने का आधार यह था कि केवल पुरुष उम्मीदवारों को ही रोजगार प्रदान किया जा सकता है। जिसके बाद अदालत ने यह स्पष्ट किया कि सिर्फ लिंग के आधार पर किसी महिला को रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता।

### मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के सम्मान

## पीएम मोदी ने दी बधाई,कहा -मिथुन एक कल्चरल आइकन






**नई दिल्ली :** इस साल का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिग्गज अभिनेता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मिथुन चक्रवर्ती को यह पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ₹कोलकाता की गलियों से लेकर सिनेमा की ऊंचाइयों तक, मिथुन दा की अद्भुत सिने यात्रा ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। दादासाहेब फाल्के चयन समिति ने भारतीय सिनेमा में उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए उन्हें इस सम्मान से नवाजने का निर्णय लिया है। मंत्री ने बताया कि यह पुरस्कार 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में 8 अक्टूबर को मिथुन चक्रवर्ती को प्रदान किया जाएगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, ₹मुझे खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक कल्चरल आइकन हैं, जिनको अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए पीढ़ियों से सराहना मिली हैं। उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं।₹

दूसरी ओर, इस अवार्ड पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का कहना है, ₹हमें बड़ा अफसोस है कि इस बार का पुरस्कार पीएम नरेंद्र मोदी को नहीं मिला। वह इसके हकदार थे। पूरे देश में अगर कोई कलाकार है, तो वह पीएम मोदी हैं। उल्लेखनीय है कि मिथुन चक्रवर्ती ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत मृणाल सेन की फिल्म मृगया (1976) से की थी, जिसके लिए उन्हें पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। यह फिल्म भारत और उस समय के सोवियत संघ में भी बड़ी हिट रही थी। इसके बाद 1982 में आई फिल्म 'डिस्को डांसर' के जरिए मिथुन दा पूरी दुनिया में मशहूर हो गए।

ज्ञात हो कि, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार भारत का सबसे बड़ा सिनेमा पुरस्कार है, जो हर साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा दिया जाता है। यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा के विकास में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। मिथुन चक्रवर्ती को हाल ही में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था। अप्रैल में हुए इस समारोह में उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह सम्मान प्राप्त किया। इस बारे में उन्होंने कहा था, ₹मैं बहुत खुश हूं। मैंने कभी भी अपने लिए किसी से कुछ नहीं मांगा।

## नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही, मरने वालों की संख्या बढ़कर 170

**काठमांडू :** नेपाल के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से करीब 170 लोगों की मौत हो चुकी है।

द हिमालयन टाइम्स के मुताबिक गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने विभिन्न जिलों में बाढ़ और भूस्खलन से मची तबाही की जानकारी साझा की। मंत्रालय ने रविवार को यह पुष्टि की कि इन आपदाओं में 111 लोग घायल हुए हैं, जबकि लगभग 4,000 लोगों को बचाया गया है।

द हिमालयन टाइम्स ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती के साथ बचाव और राहत कार्यों समेत तलाशी अभियान में तेजी लाई गई है।

नेपाली सेना के हेलीकॉप्टरों ने कावरे, सिंधुली और ललितपुर जिलों के कुछ हिस्सों में घायल या फंसे हुए 162 लोगों को एयरलिफ्ट किया है।

आपदा से बचे लोगों तक खाद्य आपूर्ति सहित राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। साथ ही घायलों का सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार किया जा रहा है।



तिवारी ने कहा, सरकार सभी संबंधित एजेंसियों के बीच पूर्ण समन्वय है। बचाव और राहत प्रयासों को प्राथमिकता दी जा रही है। ब्लॉक सड़कों को साफ करने के साथ ही पुनर्निर्माण कार्य भी चल रहा है। मंत्रालय ने कहा कि प्रांतीय सरकारें, जिला आपदा प्रबंधन समितियां, तथा स्थानीय आपदा प्रबंधन इकाइयां भी मिल कर काम कर रही हैं।

लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में नेपाल के जलविद्युत संयंत्र और सिंचाई सुविधाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, एक अनुमान के मुताबिक इससे 4.35 बिलियन नेपाली रुपये (32.6 मिलियन डॉलर) का नुकसान हुआ है। रविवार को एक प्रेस मीटिंग में नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार (27 सितंबर) और शनिवार (28 सितंबर) को लगातार बारिश के कारण आई आपदा से हाइड्रोपावर और ट्रांसमिशन परियोजनाओं को लगभग 3 बिलियन रुपये ($22.5 मिलियन) का नुकसान पहुंचा है, जबकि नदी नियंत्रण और सिंचाई परियोजनाओं को लगभग 1.35 बिलियन रुपये ($10.1 मिलियन) का नुकसान हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, बाढ़ के कारण 625.96 मेगावाट की संयुक्त उत्पादन क्षमता वाले 11 चालू जलविद्युत संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है और अन्य चालू संयंत्रों को बंद करना पड़ा है।

बताया जा रहा है कि इस वजह से 1,100 मेगावाट की उत्पादन क्षमता रुक गई है, जो देश के चालू बिजली संयंत्रों की कुल क्षमता का लगभग एक तिहाई है। निमार्णाधीन पंद्रह जलविद्युत संयंत्र भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हाइड्रोपावर और ट्रांसमिशन लाइनों के क्षतिग्रस्त होने के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ी है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक कुल मान घीसिंग ने कहा, ₹आगामी सर्दियों में देश के लिए पर्याप्त बिजली का प्रबंध करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि क्षतिग्रस्त बिजली संयंत्रों के रखरखाव और मरम्मत में समय लगता है।

न्यूज ब्रीफ

## कार की चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**मांडर :** रांची-डाल्टेनगंज मार्ग (एनएच-39) पर मांडर मिशन स्थित कांस्टेंट लिवेन्स हॉस्पिटल के पास सोमवार शाम एक सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब एक कार की चपेट में आने से 20 वर्षीय मनीष उरांव, हेसमी निवासी, और 22 वर्षीय नीतीश एक्का, सोसई मारिया टोली निवासी, बुरी तरह से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना लगभग शाम 8 बजे की है, जब मनीष और नीतीश किसी निजी काम से मांडर आए हुए थे और वापस लौटते समय उनकी मोटरसाइकिल को एक कार की चपेट में आ गई । टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सवार सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने त्वरित प्रतिक्रिया दिखाते हुए घायलों को कांस्टेंट लिवेन्स हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## झामुमो की मजबूती को लेकर कसमार में हुई बैठक



**कसमार :** प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत के धूमधूमी टांड मे झामुमो मधुकरपुर पंचायत के संगठन मजबूती को लेकर एक विशेष बैठक डॉ बीरु प्रसाद कि अध्यक्षता मे रखी गयी जिसका विधिवत संचालन प्रखंड के संगठन सचिव सुभाष ठाकुर के द्वारा किया गया, इस कार्यकर्म मे झामुमो मधुकरपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे जिसमे मुख्य रूप से सुधीर महतो, प्रकाश ठाकुर, मनोज ठाकुर, मिथिलेश तिवारी, जानकी मुंडा, मिहिर करमाली, जानकी मुंडा, धर्मनाथ महतो, महेश महतो, संजय प्रजापति, विजेंदर महतो, अख्तर अंसारी, अजय महतो, विजय महतो,रमेश महतो, मिथिलेश महतो, एवं झामुमो परिवार मे जल्द हि नये सदस्य बनने जा रहे समाजसेवी धनंजय स्वर्णकार शामिल रहे, इस बैठक मे कई महत्वपूर्ण विन्दुओ पर चर्चा हुई एवं पंचायत मे झामुमो परिवार को कैसे मजबूती मिले इसमे सभी ने अपना अपना पक्ष रखा।

## प्रदेश अध्यक्ष से की औपचारिक मुलाकात



**मुरी :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची में औपचारिक मुलाकात? की। मुलाकात को सार्थक एवं संतुलित बताया।आशा किया गया कि कांग्रेस सिल्ली पर पाजीटिव ध्यान देंगे।इस मुलाकात में जिसमे रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो ने उपस्थित थे।

## दामोदर नदी में डूबने से एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**रामगढ़:** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिरका कहुआ बेड़ा ऊपर टोला में नदी में नहाने के दौरान एक ही परिवार की तीन बेटियों की मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों के साथ-साथ पूरे गांव में मातम पसरा है. रामगढ़ गश्ती पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार सिरका कहुआ बेड़ा ऊपर टोला में अनिल प्रजापति की पुत्री सिमरन (10 वर्ष) और संध्या (8 वर्ष) तथा बबलू प्रजापति की पुत्री छाया (15 वर्ष) गांव से सटे दामोदर नदी में नहाने गई थीं. नहाने के दौरान एक लड़की नदी में डूबने लगी. उसने शोर मचाया तो दोनों बहनें उसे बचाने वहां पहुंचीं लेकिन वे भी भंवर में फंस गईं और देखते ही देखते तीनों लड़कियां नदी में डूब गईं.

बच्चियों को डूबता देख पास में स्नान कर रहे लोगों ने शोर मचाया तो गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और तीनों लड़कियों को नदी से बाहर निकालकर नई सराय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में नगर परिषद के वार्ड नंबर 17 की पूर्व वार्ड सदस्य अनु विश्वकर्मा ने बताया कि नहाने के दौरान तीनों बच्चियां नदी में डूब गई थीं, जिसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला और नई सराय अस्पताल ले गए. जहां डॉक्टर ने तीनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है. घटना की जानकारी मिलने के बाद रामगढ़ थाना के शहरी गश्ती दल के पुलिस पदाधिकारी बीरबल हेंब्रम मृतक के घर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ले रहे हैं।

## सेल रांची यूनिट्स के 10 कर्मी केदारताल के लिए रवाना

**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची यूनिट्स के 10 कर्मचारी रविवार को केदारताल पर्वतारोहण के लिए रवाना हुए. इस पर्वतारोहण अभियान की ऊंचाई लगभग 4,754 मीटर (15,598 फीट) है जो शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण है. केदारताल ट्रैक अपनी चुनौतीपूर्ण पथरीली चढ़ाइयों और जंगली इलाके के लिए जाना जाता है। मौके पर सेल रांची यूनिट्स के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसजे जाचक ने ध्वजांकन किया और पर्वतारोहियों को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि यह यात्रा साहस, प्रतिबद्धता और टीमवर्क का प्रतीक है और सेल के कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# सरकार अपनी कमिटमेंट से भटक गई है : सुदेश महतो

मेट्रो रेज

**सिल्ली :** सरकार लोगों को जो सम्मान दे रही है उसके पीछे की उनकी मंशा को समझना होगा। संविदा व्यवस्था को समाप्त करने का वादा करने वाली सरकार संविदा आधारित नौकरी देने पर बड़े बड़े विज्ञापन दे रही है। सरकार अपनी कमिटमेंट से भटक गई है। युवा जिन्हें अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाने और विकास के लिए नौकरी करनी थी वो युवा आज सरकार की गलत नीतियों के चलते सड़कों पर हैं और सरकार की लाठियां खा रहे हैं।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्टेडियम, सिल्ली में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में शामिल हुए हजारों युवाओं के साथ उन्होंने सीधा संवाद किया।



राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए युवा शक्ति की भूमिका अहम है। युवाओं को राज्य के भीतर रोजगार के अवसर मिलते तो उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ झारखंड को मिलता है लेकिन उचित अवसर नहीं मिलने के चलते युवा पलायन को विवश हैं। इससे हमारे राज्य का विकास प्रभावित हो रहा है।

सभी युवाओं को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि सरकार की कार्यशैली ने युवाओं के साथ ही समाज के हर वर्ग को निराश किया है। राज्य में बढ़ते अपराध की एक वजह बेरोजगारी भी है। अपना भविष्य अंधेरे में देख रहे युवा निराश होकर नशे और अपराध की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। यह अत्यंत चिंतनीय है। हमारी तैयारी हर युवा को रोजगार से जोड़ने की है। प्रतिदिन 33 नहीं 300 की आय कैसे हो यह सुनिश्चित करना होगा। चार साल तक सोयी इस सरकार ने जनता के बारे में कुछ भी नहीं सोचा अब चुनाव नजदीक देख इन्हें जनता की याद आ रही है। फ्री बिजली देने की बात करने वाली सरकार पहले लोगों को निर्बाध बिजली मुहैया कराने की व्यवस्था करें। राज्य के कितने ही मेहनतकश जरूरतमंद किसानों का ऋण माफ नहीं हुआ क्योंकि कृषि ऋण उनका भी माफ हो रहा है जो कृषक नहीं है। राज्य की जनता अब इनके छलावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि हम राज्य की आवश्यकता को समझते हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ हम बेहतर व विकसित झारखंड बना सकते हैं। आप सभी युवाओं की जिम्मेदारी है कि गांव का एक भी नौजवान भटके नहीं। राज्य के विकास के लिए नवीन सोच को आगे लाने की हमारी तैयारी है। युवाओं की क्षमता को निखारने और उसे विकसित करने के लिए सशक्त मंच है आजसू। हम सभी को मिलकर राज्य को बेहतर बनाने के लिए कार्य करना है। इस अवसर , जितेंद्र बड़ाईक, आरती देवी, सुसेन प्रमाणिक, रबिन्द्र करमाली, सिल्ली सीओ अरुनीमा एक्का, अनिल मांझी, हरिपद मांझी, मीरा देवी, सोमरी देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सिल्ली में कुएं धंसने से हुई थी 6 की मौत अबतक नही मिला फूटी कौड़ी, आर्थिक स्थिति दयनीय



मेट्रो रेज

**सिल्ली :** राजधानी रांची से 70 किलोमीटर दूर सिल्ली के पिस्का गांव में 17 अगस्त 2023 को एक कुएं के धंस जाने से सात लोग मिट्टी और पत्थर के नीचे दब गये थे जिसमे 6 की मौत हो गया था और एक गंभीर रूप से घायल हो गया था। दरअसल 17 अगस्त 2023 को दिन के करीब 3 बजे गांव के ही आनंद मांझी का बछड़ा कुएं में गिरा था, रस्सी के सहारे बछड़ा को निकालने के क्रम में कुएं धंस गया था। मिट्टी और पत्थर में सात लोग दब गए थे जिसमें 6 की मौत हो गई थी और एक जीवित बच गया था।

**करीब 20 घंटे तक चला था रेस्क्यू ऑपरेशन :** बताया जा रहा है कि करीब 20 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला था कुएं में फंसे लोगों को निकालने के लिए और दूसरा दिन काफी मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने पोकलेन में रास्ता बनाकर दबे लोगों को निकाला था।

**जनप्रतिनिधियों ने मीडिया में सुर्खियां बोटरने के लिए लाशों के साथ खिंचवाया था फोटो :** हादसा में सांसद, विधायक और विभिन्न राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधियों ने अखबार व टीवी चैनलों में क्रेडिट लेने के लिए खूब घड़ियाली आंसू बहाये थे और लाशों के साथ फोटो खिंचवाये थे। हादसा स्थल पर जनप्रतिनिधियों ने मृतकों के परिजनों को ढ़ाढस बनाते हुए मुआवजा दिलाने समेत कई तरह का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया था। हादसा हुए एक साल गुजर गया लेकिन मृतकों के परिजनों को कुछ भी नहीं मिला है। हादसे में शिकार मृतक गुरुपद मांझी के पुत्र अर्जुन मांझी ने बताया जो भी आया सबने तरह तरह का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया था एक साल बीत गया फूटी कौड़ी भी नही मिला है। गांव में ही राजनीतिक पार्टी के दलाल हैं जो कह रहे है मिट्टी में दबकर मौत होने से नही मिलता है मुआवजा।

**प्रशासन की लापरवाही, हादसा वाला कुएं में नही भरा मिट्टी :** हादसा के एक साल बीत गया परन्तु प्रशासन ने उक्त कुएं में मिट्टी नही भरा है कुएं को उसी हालत में रहने दिया है इसे गांव वालों को हमेशाऔर इस तरह का हादसा का पुनरावृत्ति होने का डर बना रहता है जबकि जनप्रतिनिधि और प्रशासन ने कुएं में मिट्टी भर देने का आश्वासन दिया था, इससे साफ जाहिर होता है कि जनप्रतिनिधि हो या प्रशासन गरीब गुरबें आम लोगों के प्रति कितना गंभीर है। इस हादसे में मुआवजा नहीं मिलने से मृतकों के परिवारों का आर्थिक स्थिति दयनीय है और जनप्रतिनिधि और प्रशासन के प्रति गुस्से में है।

# मुरी ओपी में शांति समिति की बैठक



मेट्रो रेज

**मुरी :** पंडाल में सी सी टी वी कैमरा, जरूरी हैं।अग्निशामक, पानी,बालु की व्यवस्था होनी चाहिए।उक्त बातें शांति समिति की बैठक में मुरी ओपी प्रभारी शांति समिति के सदस्यों से बोल रहे थे, आगे उन्होंने ने कहा कि पंडाल से 50-60 मीटर की दूरी पर दुकान लगे।नशा न करने वाले को वोलेंटियर बनाए।वोलेन्टियर 24 धंटे पंडाल में रहे।महिला वोलेंटियर भी होनी चाहिए।पंडाल के बाहर गाड़ी न लगाएं,डीजे एलाउड नहीं है।अशलील गाने न बजे।वही समिति कार्यालय संचालन कर रहे फारूक ने सभी से अपील की कि शांति और सौहार्द्र पूर्ण बतावरण में पूजा मनाए।पूजा तक शराब बिक्री पर बंदी पर जाना प्रभारी से आग्रह किया गया।कई सदस्यों ने पूजा के दौरान तेज बाइक्स पर लगाम कसने की बात कही।शांति समिति के आठ पूजा पंडाल के सदस्यों के अलावा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## दिउड़ी मंदिर को लेकर विवाद तेज, तमाड़ में हुआ आदिवासियों का महाजुटान, सरकार को दिया अल्टीमेटम

**रांची/खूंटी:** राजधानी से सटे तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर को लेकर विवाद फिर बढ़ता नजर आ रहा है. इसको लेकर आदिवासियों का महाजुटान हुआ. रविवार को झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोग आदिवासी जनाक्रोश सभा के बैनर तले तमाड़ स्थित तोडांग मैदान पहुंचे, जहां सभी ने कहा कि यह दिउड़ी मंदिर नहीं बल्कि आदिवासियों का दिउड़ी-दिरी है. इसके साथ ही कई मुद्दों को लेकर आदिवासी समाज के प्रमुख नेताओं और धर्मगुरु बंधन तिग्गा के नेतृत्व में जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया।

जनाक्रोश सभा में सरकार को पांच सूत्री अल्टीमेटम के जरिए निर्णय लिया गया कि मंदिर पर गठित ट्रस्ट को रद्द किया जाए, मंदिर में तालाबंदी के मामले में दर्ज केस वापस लिया जाए और गिरफ्तार आरोपियों को रिहा किया जाए तथा हर गांव में सरना धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर सरना धर्म न्यास बोर्ड का गठन किया जाए. अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं और मुख्यमंत्री मामले का संज्ञान नहीं लेते हैं तो एक अक्टूबर को राज्य के सभी चौक-चौराहों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया जाएगा और चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

आदिवासी नेता प्रेम शाही मुंडा ने बताया कि बैठक में ट्रस्ट को भंग करने, मंदिर तालाबंदी मामले में गिरफ्तार आरोपियों को रिहा करने समेत सरकार को पांच सूत्री अल्टीमेटम के तहत अन्य मांगों को लेकर निर्णय लिए गए. अगर मुख्यमंत्री इन मामलों का संज्ञान नहीं लेते हैं तो पूरे राज्य में उनका पुतला दहन किया जाएगा. बुंडू एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने कहा कि मंदिर विवाद पर ये लोग हाईकोर्ट में केस हार चुके हैं, इसलिए उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए, वे चाहें तो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

# जमशेदपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा का बयान झारखंड में घुसपैठ के लिए पहले केंद्र सरकार दोषी

**जमशेदपुर:** अटल विचार मंच के संस्थापक सह भारत के पूर्व वित्त और विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा अपनी पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार को जमशेदपुर पहुंचे. इस मौके पर उन्होंने मीडिया से कई अहम मुद्दों पर बातचीत की. जिसमें उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी अटल विचार मंच सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी. साथ ही उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ पर भी बयान दिया है.

**घुसपैठ के लिए पहले केंद्र सरकार दोषी :** एवीएम के संस्थापक यशवंत सिन्हा ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पर बयान देते हुए कहा कि घुसपैठियों के लिए सबसे ज्यादा केंद्र सरकार दोषी है फिर राज्य सरकार. उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस मामले में धर्म की राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा कि यदि घुसपैठ सही में हुआ है तो घुसपैठियों को चिह्नित करने की जरूरत है, न कि इस गंभीर मामले में राजनीति करनी चाहिए।

**भाजपा अटल जी के विचारों से भटक गई :** पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि मैंने अनेक नेताओं के साथ काम किया, लेकिन अटल जी एक विलक्षण व्यक्ति थे. उनके छह वर्ष का कार्यकाल अद्भुत था. उन्होंने कहा कि बिना नैतिकता के राजनीति एक लाश के बराबर है. उन्होंने कहा कि आज भाजपा अटल जी के विचारों से भटक गई है।




**हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे :** भारत के पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि आज मिडिल ईस्ट में युद्ध के हालात हैं. उसे रोकने की जरूरत है। हम तीसरे विश्व युद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं। वहीं यशवंत सिन्हा ने समाज में युवाओं के बीच बढ़ते नशे की लत पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अगर नशा करना है तो वे देश प्रेम का नशा करें।

**विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी :** उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच की स्थापना कुछ दिनों पहले की गई है. झारखंड विधानसभा चुनाव में अटल विचार मंच सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा. इसे लेकर जिला स्तर पर तैयारी की जा रही है।

**अटल विचार मंच का जमशेदपुर में कार्यक्रम :** वहीं इसके पूर्व जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में रविवार को अटल विचार मंच की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें पार्टी के संस्थापक यशवंत सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवी चन्द्रगुप्त सिंह, कमल किशोर सिंह, विकास सिंह, सिख समाज से सरदार शैलेन्द्र सिंह,वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष के अलावा कई गण्यमान व्यक्ति मौजूद रहे।

**मुफ्त अनाज और पैसे बांटने पर जताई चिंता :** मंच से जनता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में देश का राजनीतिक माहौल बदल गया है। मुफ्त में अनाज और पैसे बांटे जा रहे हैं, जिससे जनता धीरे-धीरे निष्क्रियता की तरफ बढ़ रही है। जबकि इसके बदले व्यवसायिक इकाइयां स्थापित करने की जरूरत है, जो रोजगार के लिए मील का पत्थर साबित हो सके।

**विकास के लिए रोड मैप बनाने की जरूरत :** वक्ताओं ने कहा कि लोगों को रोजगार मिलने से समाज को एक नई दिशा मिलेगी और युवाओं में क्रांति आएगी. इसे लेकर रोड मैप बनाने की जरूरत है. मंच से वक्ताओं ने कहा कि आज की राजनीति के दौर में राज धर्म को छोड़ राजनैतिक धर्म अपनाया जा रहा है. आज ड्रग्स, फेक करेंसी और इलीगल आर्म्स देश को कमजोर कर रहा है. इसे रोकने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है. इसके लिए सामाजिक रूप से मुहिम चलाने की जरूरत है।

# परीक्षा रद्द करने की मांग लेकर सैंकड़ो की संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे जेएसएससी कार्यालय, भारी पुलिस बल तैनात

मेट्रो रेज



**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली गई सीजीएल की परीक्षा का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है. एक बार फिर पेपर लीक होने का आरोप लगा अभ्यर्थी छात्र संघ के तत्वावधान में सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी चयन आयोग के नामकुम कार्यालय पहुंचे एवं विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं.

छात्र परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर कर रहे प्रदर्शन : अभ्यर्थी सीजीएल की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं. प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन भी पूरी तैयारी में है. प्रशासन के द्वारा चयन आयोग कार्यालय के मुख्य गेट पर दो लेयर बैरिकेडिंग की है. स्थानीय पुलिस के अलावा काफी संख्या में जिला बल के जवान तैनात हैं. कार्यालय के आसपास के मुख्य सड़कों पर भी बैरिकेडिंग की है. मौके पर ब्रज वाहन एवं पानी के बौछार के लिए दमकल की टीम भी मुस्तैद है. प्रदर्शन कर रहें छात्रों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. धीरे-धीरे विभिन्न राज्यों के अभ्यर्थी पहुंच रहे हैं।

हजारीबाग से पैदल चल कर रांची पहुंचा छात्रों का समूह : जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को रद्द कराने के लिए हजारीबाग से सैंकड़ो की संख्या में छात्र कोकर चौक होते हुए नामकुम गए. इस दौरान सीजीएल परीक्षा की तैयारी कराने वाले मशहूर टीचर रोहत कुमार से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है और हम सरकार से मांग करते हैं कि परीक्षा को रद्द किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### पहली पत्नी के रहते रणधीर ने कर ली दूसरी शादी, कोर्ट ने दी दस साल की सजा

रांची : रांची सिविल कोर्ट ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने और दहेज की मांग करने के दोषी रणधीर को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 7 विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है. पीड़िता की ओर से अधिवक्ता सुनील पांडेय और अधिवक्ता जेनी विभा ने बहस की। कोर्ट ने रणधीर को गुरुवार को दोषी करार दिया था. जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था. रणधीर की पत्नी ने उसके खिलाफ वर्ष 2016 में कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि रणधीर ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी की, महिला की मर्जी के बिना उसका पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और दहेज उत्पीड़न किया है. ट्रायल के दौरान महिला समेत अन्य गवाहों का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया। जिसके आधार पर कोर्ट ने रणधीर को दोषी करार दिया है।

### हेमंत सोरेन से मिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य एक लंबे संघर्ष के बाद मिला है। इसके लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी थी। कई आंदोलनकारियों ने अपनी शहादत भी दी थी। हम सभी झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान करते हैं। सीएम ने आगे कहा, हमारी सरकार झारखंड आंदोलनकारियों और उनके परिजनों/आश्रितों को मान- सम्मान और हक-अधिकार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में विदेशी महतो, पुष्कर महतो, रोजलीन तिर्की, सरोजनी कच्छप, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, कार्तिक महथा, इम्तियाज खान, रकीब खान, सीता देवी एवं जीतन कोल प्रमुख रूप से शामिल थे।

### वास्तविक जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए कौशल सीखना जरूरी : बनर्जी

**रांची/बोकारो :** चिन्मय विद्यालय सेक्टर-05 में रविवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में हुई दो दिवसीय कार्यशाला में 60 से अधिक शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भाग लिया इङ्ग'१ङ्ग ठी६२ : चिन्मय विद्यालय सेक्टर-05 में रविवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में हुई दो दिवसीय कार्यशाला में 60 से अधिक शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भाग लिया. उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, मुख्य सूत्रधार प्राचार्या डीएवी स्वांग के डोलनचंपा बनर्जी, डीपीएस बोकारो के उप-प्राचार्य मनीषा शर्मा, चिन्मय विद्यालय के उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यशाला का विषय था किशोरावस्था शिक्षा. कार्यशाला की सूत्रधार डोलनचंपा बनर्जी ने कहा कि आज के समय में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसका मकसद युवाओं को सटीक जानकारी देना, स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करना और वास्तविक जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए कौशल सीखना जरूरी है. डीपीएस की उप-प्राचार्य मनीषा शर्मा ने बच्चों को किशोरावस्था की उम्र में विभिन्न प्रकार की गलत आदतों से कैसे बचाया जाए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि आज के जमाने में इंटरनेट सिस्टम होने से बच्चे उसका सदुपयोग कम और दुरुपयोग ज्यादा कर रहे हैं. इसके लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों को संयुक्त रुप से प्रयास करना चाहिए, ताकि बच्चे इसका सिर्फ सही उपयोग ही कर सकें. विद्यालय के उप-प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया व संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया।

### पूर्व मंत्री राजा पीटर ने थामा जदयू का दामन

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है। इस बीच पूर्व मंत्री राजा पीटर जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गये हैं। दिल्ली के जदयू के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की मौजूदगी में राजा पीटर ने पार्टी ज्वाइन की है। जानकारी के मुताबिक तमाड़ सीट से एनडीए फोल्डर के लिए राजा पीटर चुनाव लड़ सकते हैं। बता दें कि राजा पीटर 2009 में तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने तमाड़ विधानसभा उपचुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबू सोरेन को हरा दिया था। राजा पीटर अर्जुन मुंडा सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।

### विस चुनाव से पूर्व सिल्ली विधानसभा सीट सबसे ज्यादा चर्चित : देवेंद्रनाथ महतो



**सिल्ली :** राज्य में विधानसभा चुनाव की दस्तक शुरू होने वाली है। केंद्रिय निर्वाचन आयोग अपने निरीक्षण को लेकर झारखंड पहुंच चुके हैं। सभी राजनीतिक दलों की सर गर्मी तेज होने वाली है। इसके साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। संगठन केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो द्वारा न्याय एवं नव निर्माण यात्रा जारी है। आज रविवार को न्याय यात्रा का 13वीं दिन रहा। राहे प्रखंड में आज दौरा किया गया। राहे प्रखंड के कोटंगदाग, बुरुडीह, नरसिंह कोचा, बासाहतु , बी नवाडीह, इचाहतु, बारूडीह गांव में पदयात्रा किया गया। संगठन के कार्यकर्ता में उत्साह देखा गया। लोग एक गांव से दूसरे गांवों तक पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। यात्रा के दौरान देवेंद्रनाथ महतो ने कहा की चुनाव से पूर्व राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में से यह सिल्ली विधानसभा सबसे ज्यादा चर्चित बना हुआ है। आए दिन विभिन्न मीडिया प्रवक्ता एवं पॉलिटिकल पंडित के द्वारा इस सिल्ली विधानसभा सीट को लेकर चर्चा जारी है। इस बार जनता नए बदलाव के दृष्टिकोण से मतदान करेंगी।

### लता मंगेशकर को जन्मदिवस पर दी गयी संगीतमय श्रद्धांजलि

**रांची :** रांची की मशहूर संगीत प्रेमी संस्था ?मेरी आवाज मेरी पहचान एवं संगीत सरिता के तत्वावधान में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी का जन्मदिन उत्सव संगीतमय श्रद्धाजंलि आयोजन कर एवं केक काटकर कचहरी रोड वेंडर मार्केट स्थित दी रॉयल हाइट बैंक्विट हाल में मनाई गई।इस कार्यक्रम के आयोजन में भगवा नारी,माँ सुभद्रा ग्रुप, आरोग्य विजन आदि संस्थाओं ने सहयोगी की भूमिका एवं वेन्यु पार्टनर द रॉयल हाइट बैंक्विट हॉल थे। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रसिद्ध गायक कुमार गहलोत एवं कविता होरो,टी-सीरीज आर्टिस्ट वीणा श्री सरकार,पिया बर्मन,गुलजार खान,विवेक पासवान,आफताब आलम,सुलोचना शहदेव थे। मौके पर मुख्यअतिथि झारखंड सरकार के मंत्री बैजनाथ राम की धर्मपत्नी सीमा राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चेम्बर महासचिव आदित्य मल्होत्रा, बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, आनंद जालान,प्रभात कुमार राजन,बुलंद अख्तर,समाजसेवी गिरिजा शंकर पेड़ीवाल,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शर्मा आदि थे। अतिथियों एवं आयोजकों ने लता मंगेशकर जी के जीवन इतिहास को विस्तृत रूप से बतलाया।इस कार्यक्रम में चैताली राय,रीता सेन,उषा गोपी,नम्रता जी,स्वेता जी,सीमा जी सहित लगभग 100 से अधिक संगीत प्रेमी गायको ने दिल छू लेने वाली नृत्य गान प्रस्तुत की। इस अवसर मुख्यरूप से मॉडल खुशी काकन,रोमी सेठी,प्रियंका जायसवाल,प्रिया सिन्हा,अमृता शर्मा,राजीव रंजन,रीना सिंह आदि अथितिगण उपस्थित थे।

## शाखा-स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता हुआ संपन्न



मेट्रो रेज

**रांची :** शाखा-स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता -2024 कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद, दक्षिण झारखंड प्रान्त, पूर्वी रिजन के रांची मध्य और रांची महानगर शाखा के संयुक्त तत्वाधान में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू, रांची में रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल, डॉ गोपाल पाठक एवं विशिष्ट अतिथि जटाशंकर चौधरी,पलामू के पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त के द्वारा दीप प्रज्वलित और भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल विद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रशस्ती पत्र व शिक्षिकाएं को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए, हौसला बढ़ाया। साथ हीं कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए कार्यक्रम के ऑगेनाइज्ड कर रहे भारत विकास परिषद् के सदस्यों के साथ ई० गौरव पांडेय जी, व ग्रीस प्रसाद सिंह जी को धन्यवाद किया, तथा सभी छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

डॉ गोपाल पाठक ने संबोधन के दौरान बच्चों से आग्रह किया कि सभी अपने भारतीय संस्कृति को अपनाए एवं माता-पिता का आदर करें । उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सफलता की अग्रिम बधाई एवं भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जटाशंकर चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा होती है और बच्चे और अच्छा करने का प्रयास करते हैं।

दक्षिण झारखंड प्रान्त के पालक ई. जी. पी. सिंह ने बच्चों को संस्कार पर विस्तृत जानकारी दिए एवं परिषद के पूर्वी क्षेत्र के संरक्षक ई. जी एन सिंह ने कहां कि राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में संस्कार विकसित करने का प्रयास है।

कार्यक्रम में मध्य एवं महानगर शाखा से कुल 9 विद्यालयों ने भाग लिया। शाखा-स्तरीय ह्राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता -2024ह्व में प्रथम स्थान पर डी.पी.एस. रांची के विद्यार्थी रहे जबकि द्वितीय स्थान पर ब्रिजफोर्ड स्कूल, तुपुदाना के विद्यार्थी एवं तीसरे स्थान सरला बिरला स्कूल के विद्यार्थी रहे। आगे प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता- 2024 में मध्य शाखा की तरफ से डी.पी.एस. रांची के विद्यार्थी और महानगर शाखा से ब्रिजफोर्ड स्कूल, तुपुदाना के विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो. डॉ संदीप सिंह सोलंकी, ई. के.के. मिश्रा,आर. के. चौधरी, गोविंद प्रसाद सिंह,रांची मध्य के सचिव विजय माथुर, ई. गौरव पांडे, ई. एच. पी. भगत, कोषाध्यक्ष राजकुमार एवं भारत विकास परिषद के सदस्य और पदाधिकारि उपस्थित रहे।

## भाजपा का मतलब भ्रष्ट जनों की पार्टी पीएम वित्त मंत्री से इस्तीफा लें : झामुमो



मेट्रो रेज

**रांची :** झामुमो ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर प्राथमिकी के बाद भाजपा पर निशाना साधा है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि शनिवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण रहा. एक तरफ जहां हरियाणा में सर्जिकल स्ट्राइक की बरसी मनी, वहीं एक सर्जिकल स्ट्राइक बेंगलुरु की न्यायालय ने भाजपा पर किया. यह सर्जिकल स्ट्राइक सही मायनों में भाजपा के भ्रष्टाचार को उजगार करनेवाला है. न्यायालय ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं अन्य पार्टी पदाधिकारियों और इडी पर नामजद केस दर्ज करने का निर्देश दिया है. बेंगलुरु न्यायालय के जस्टिस का अधिकार सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस से कम नहीं होता है. श्री भट्टाचार्य रविवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**भ्रष्टाचार में डूबी है भाजपा :** सुप्रियो ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड जैसे महाघोटाले का भंडाफोड़ किया कि कैसे तत्कालीन और वर्तमान केंद्रीय वित्त मंत्री भयादोहन कर पैसे भाजपा के खाते में दिलाया करती थीं. झारखंड दौरे पर केंद्रीय वित्त मंत्री किन-किन लोगों से मिली, यह सोशल मीडिया पर वायरल है. किसी केंद्रीय वित्त मंत्री पर आर्थिक अपराध का एफआइआर हो, तो इसके 24 घंटे बाद भी पद पर बने रहना लोकतंत्र का अपमान है. भाजपा मतलब भ्रष्टजनों की पार्टी है और वह पूरी तरह से भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है।

**महिला को वित्त मंत्री बनाकर डराया जा रहा :** उन्होंने कहा कि एक महिला को वित्त मंत्री बनाकर उससे लोगों को डराया जा रहा है. दवाई कंपनियों, इंफ्रास्ट्रकर में काम करने वाली कपंनियों, सीमेंट कंपनियों और सरिया बनानेवाली कंपनी को डराया जा रहा है. यह सारा खेल अब एक्सपोज हो चुका है। ऐसे में प्रधानमंत्री को अविलंब वित्त मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए।

## पहाड़ी मंदिर की संरचना और सुंदरीकरण के लिए पूजा अर्चना



**रांची :** पहाड़ी मंदिर विकास समिति और श्री शिव बारात आयोजन महासमितियों की ओर से आज सुबह बाबा का पूजा अर्चना और आरती की गयी । समिति के राजेश कुमार साहू ने खुशी जाहिर करते हुए सरकार की इस पहल को लेकर बहुत आभार प्रगट किया मौके पर मुकेश मुक्त' ने शहर वसीयो को बाधायी भी दी और जल्द मंदिर का विकास और सौंदर्यीकरण हो ये कामना की गयी।

**पुजारी मनोज मिश्र ने भी सभी भक्तों और समिति के लोगो का धन्यवाद किया :** आने वाले समय में भी सरकार द्वारा मंदिर निर्माण के लिए अहम कदम उड़ायी जाएगी अभी तत्काल विकास कार्य के लिए 6.73 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। जिससे मंदिर को संरचीत और सौंदरीकरण तथा बिवाह मंडप मुख्य मंदिर का हॉल तथा अन्य की जाएगी। मौके पे बदल सिंह ने बताया कि मंदिर निर्माण तथा अन्य कार्यों के लिए हमारी प्रयास जारी रहेगी सभी शिव भक्त इस कार्य के लिए खड़े है और मंदिर की सुरक्षा तथा भक्तों की सुबिधा का खाज ख़्याल रखना ही हमारी सेवा और पूजा है।

### हिमंता, निशिकांत संग हरिनारायण ने की अमित शाह से मुलाकात

## घटवाल जाति को आदिवासी में शामिल करने पर चर्चा



**रांची :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूर्व मंत्री हरिनारायण राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में मुलाकात की. इस दौरान घटवाल जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया. प्रतिनिधिमंडल में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के साथ-साथ गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे भी शामिल थे. सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस जानकारी को साझा किया. गौरतलब है कि भुइयां-घटवाल को आदिवासी में शामिल करने की मांग सालों से उठती रही है, चुनाव के वक्त इस तरह की मांग में तेजी आ जाती है. बता दें कि संथाल में कुछ सीटों पर भुइयां-घटवाल मतदाता निर्णायक होते हैं. पिछले लोकसभा चुनाव में इनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहा है. हाल में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की मुलाकात पूर्व मंत्री हरिनारायण राय से उनके घर पर हुई थी. जहां राजनीतिक महकमे में मुलाकात की खूब चर्चा रही।

**संथाल की कुछ सीटों पर घटवाल जाति का अधिक प्रभाव :** बता दें कि हरिनारायण राय एक मात्र घटवाल जाति से है, जो दो बार निर्दलीय विधायक और पूर्व में मंत्री रह चुके हैं. इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी और झामुमो से चुनाव लड़ चुके हैं. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वह भाजपा के पाले में जाकर भाजपा के जरिए भाग्य अजमा सकते हैं. घटवाल जाति का प्रभाव संथाल की कुछ सीटों पर अधिक है, उनमें ज्यादातर हिस्सा गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत आता है. ऐसे में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की रुचि जायज है और रही बात घटवाल और खेतोरी जाति की तो आदिवासी में शामिल करने की मांग लंबे समय से हो रही है।

## 3 अक्टूबर को पाकुड़ में होगा मांझी परगना का महासम्मेलन, चंपाई सोरेन होंगे शामिल

मेट्रो रेज



**रांची:** पाकुड़ जिला मुख्यालय के गोकुलपुर आम बगीचा में मांझी परगना एवं गांवता की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता चंद्रमोहन हांसदा ने की. बैठक में आदिवासियों की घटती आबादी एवं जमीन की लूट, पारंपरिक प्रधानी व्यवस्था को बहाल रखने, ग्रामसभा को मजबूत करने, आदिवासियों की पारंपरिक व्यवस्था को संचालित करने वाले लोगों के सम्मान और अधिकार की रक्षा करने के लिए आदिवासियों में एकजुटता और एकता बनाए रखने पर विशेष रूप से चर्चा की गयी।

**मांझी परगना महासम्मेलन :** इस दौरान शासन और प्रशासन की नाकामियों की वजह से आदिवासियों के अधिकार का हो रहे हनन एवं आदिवासी समाज पर हो जुल्म के खिलाफ आदिवासी समाज को एकजुट करते हुए उनके अधिकार को याद दिलाने को लिए रचनात्मक और संगठनात्मक गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया. बैठक में आगामी 3 अक्टूबर को पाकुड़ में आयोजित 'मांझी परगना महासम्मेलन' को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रमोहन हांसदा, विकास गौंड ने लोगों से आदिवासियों के अस्तित्व को बचाने के लिए एकजुटता बनाए रखने की अपील की. बैठक में आदिवासियों की पारंपरिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आदिवासी समाज को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया. इस दौरान चंद्रमोहन हांसदा ने कहा कि सरकार ने आदिवासियों के साथ विश्वासघात किया है. उन्होंने कहा कि वोट बैंक के रूप में आदिवासियों का इस्तेमाल किया गया।

**महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर रहेंगे चंपाई सोरेन :** चंद्रमोहन हांसदा ने कहा कि पंचायती व्यवस्था, प्रधानी व्यवस्था को मजबूत करने में सरकार ने अपनी भूमिका का यदि सही तरीके से निवर्हन किया होता तो आदिवासियों की आबादी नहीं घटती और न ही अपनी ही जमीन के लिए जद्दोजहद करना पड़ता. मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष विकास गौंड ने कहा कि पारंपरिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन करना होगा और इसके लिए आदिवासी समाज को जागरूक और एकजुट करने का काम किया जा रहा है। बताया गया कि मांझी परगना महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हिस्सा लेंगे. बैठक में मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष विकास गौंड, जोन जंतु सोरेन, बिहारी हांसदा, विकास हांसदा, मंगल हांसदा, नायब सोरेन, मानिक हांसदा, रिफाइन मुर्मू, विश्वजीत मरांडी, प्रकाश गौंड, नरेन किस्कु के अलावा सैकड़ों आदिवासी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

## सुविचार

**जीवन में सारा खेल बस विचारों का है...**
**विचार अच्छे रखिए सब अच्छा होगा...**

## साथ मिले को बात बने

'एक देश, एक चुनाव' पर कोविंद कमिटी की सिफारिशों को मानकर केंद्र सरकार ने भले पहला कदम बढ़ा दिया हो, लेकिन असल चुनौती अब आने वाली है। राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए इस मसले पर विपक्ष को अपनी तरफ करना और इस योजना के व्यावहारिक पक्षों को देखना, ये दो बातें हैं, जो तय करेंगी कि सरकार अपने इस विजन को अमली जामा पहनाने में कितना सफल हो पाती है। सरकार शीत सत्र के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़ा प्रस्ताव संसद में पेश करने की सोच रही है। लेकिन इसके लिए आवश्यक संख्याबल उसके पास नहीं है। इसका मतलब है, उसे विपक्षी खेमे के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। इस लोकसभा चुनाव के बाद से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का रिश्ता रहा है, उसे देखते हुए तो यह उम्मीद व्यावहारिक नहीं लगती कि विपक्ष इस मामले में किसी तरह का सहयोग करेगा।' इस मामले पर विचार के लिए बनी उच्च स्तरीय कमिटी ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 दल पक्ष में थे और 15 ने विरोध किया। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के पीछे सबसे बड़ा तर्क है कि इससे खर्च में कटौती होगी। और यह तर्क भी जोरदार है कि अभी लगभग हर वक्त ही देश के किसी न किसी हिस्से में चुनावी माहौल चल रहा होता है, जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। यह बात भी सही है कि एक साथ चुनाव उन छोटे दलों के लिए सुविधाजनक होंगे, जिनके पास बार-बार प्रचार में उतरने लायक पैसे नहीं होते। बार-बार चुनावों के खर्च से बचने का तर्क अपनी जगह ठीक है, लेकिन यही तर्क इस प्रस्ताव के खिलाफ भी काम करता है। सवाल यह है कि पूरे देश में इलेक्शन कराने के लिए जितने बड़े पैमाने पर संसाधन चाहिए, क्या उसे जुटाया जा सकेगा? हालिया लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए थे। राज्यों के विधानसभा चुनाव भी अलग-अलग चरणों में कराने पड़ रहे हैं। राजनीतिक विविधताः आजादी के बाद देश में पहले चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। उसके बाद भी काफी समय तक यह स्थिति बनी रही। लेकिन तब परिस्थितियां दूसरी थीं। केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार थी। क्षेत्रीय दलों के ताकतवर होने से राजनीतिक विविधता आई है हमारे पॉलिटिकल सिस्टम में। देश के हर राज्य की अपनी जरूरतें हैं और अपने मुद्दे। हर चुनाव इन खास मुद्दों के इर्द-गिर्द लड़ा जाता है। किसी भी बदलाव में देश की इस अनेकता का ध्यान रखा जाना चाहिए, क्योंकि यही तो हमारी ताकत है।

## जबान संभाल के

कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज की ओर से हाल में एक सुनवाई के दौरान की गई अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जो सख्त हिदायत दी, वह जूडिशरी के साथ ही शासन और समाज के अन्य हिस्सों पर भी लागू होती है। संबंधित जज की ओर से माफी मांग लिए जाने के बाद इस केस को ठीक ही बंद कर दिया गया, लेकिन चीफ जस्टिस की अगुआई वाली पांच सदस्यीय बेंच के इस दौरान दिए गए ऑब्जर्वेशन खास तौर पर गौर करने लायक हैं। टिप्पणी में पूर्वाग्रह : यह मामला महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि हाईकोर्ट के जज की जो टिप्पणियां सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, उनमें दिखने वाला पूर्वाग्रह समाज के व्यापक दायरे में प्रचलित है। रोजमर्रा की जिंदगी में आम तौर पर लोग शहर के किसी खास हिस्से का पाकिस्तान या मिनी पाकिस्तान के रूप में जिक्र करते पाए जाते हैं। महिला विरोधी पूर्वाग्रह भी हमारे समाज की एक पुरानी और गहरी बीमारी है। ऐसे में जब हाईकोर्ट का जज किसी महिला वकील पर अशोभनीय टिप्पणी करता या शहर के किसी खास क्षेत्र को पाकिस्तान बताता दिखेगा तो उसके दुष्प्रभावों की सहज ही कल्पना की जा सकती है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए इस पर कार्रवाई शुरू करना शुभ संकेत है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ का यह कहना भी अहम है कि देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान बताना हमारी क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख ने न केवल न्यायपालिका को बल्कि जिम्मेदार पदों पर बैठे सभी लोगों को यह संदेश दिया है कि उन्हें अपनी टिप्पणियों को लेकर गंभीर होना चाहिए। इस मामले का एक और अहम पहलू है पारदर्शिता। चूंकि यह मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आई टिप्पणी के सोशल मीडिया पर वायरल होने का था और जज का कहना था कि उनकी टिप्पणी को संदर्भों से काटकर पेश किया गया है, इसलिए कुछ हलकों में यह बात भी होने लगी थी कि हाईकोर्ट की कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग बंद होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अस्पष्टता की कोई गुंजाइश न रखते हुए साफ कर दिया कि अगर पारदर्शिता से कोई समस्या आती है तो उसका एकमात्र जवाब है और ज्यादा पारदर्शिता।

# स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण

**विभिन्न संस्कृतियां पारंपरिक उपचार रस्मों को अपनाती हैं। जैसे मालिश, सुगंध चिकित्सा और आध्यात्मिक परामर्श। ये विधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक समर्थन भी प्रदान करती हैं। परंपरागत चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक हो सकती है, अतिरिक्त उपचार विकल्प प्रदान करती है और उन स्वास्थ्य पहलुओं को संबोधित करती है जिन्हें अक्सर पारंपरिक चिकित्सा द्वारा अनदेखा किया जाता है। कई परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां, विशेष रूप से जड़ी-बूटी चिकित्सा, महंगे चिकित्सा उपचार के किफायती विकल्प के रूप में प्रभावी होती हैं।**

**प्रो. खुर्शीद अहमद अंसारी**

परंपरागत चिकित्सा, जो विभिन्न तरीकों और उपचार पद्धतियों पर आधारित है, सदियों से कई संस्कृतियों में स्वास्थ्य देखभाल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। मन, शरीर और आत्मा को एक साथ जोड़ते हुए परंपरागत चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो न केवल शारीरिक रोगों का समाधान करती है, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी संबोधित करती है।

परंपरागत चिकित्सा उन दीर्घकालिक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को संदर्भित करती है जो विभिन्न संस्कृतियों में सदियों के दौरान विकसित हुई हैं और आधुनिक काल में भी उनकी महत्ता बनी हुई है। एक आकलन के अनुसार अब भी दुनिया भर में लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या इन्हीं घरेलू और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों पर निर्भर करती है। इसमें उपचार की विविध पद्धति शामिल होती है, जैसे जड़ी-बूटी चिकित्सा, यूनानी, एक्यूपंक्चर, आयुर्वेद, होम्योपैथी और पारंपरिक चीनी चिकित्सा। परंपरागत चिकित्सा एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है, जिसका उद्देश्य व्यक्ति के भीतर द्रव्य व ऊर्जा के बीच संतुलन और समन्वय को बहाल करना होता है, जबकि पारंपरिक पश्चिमी चिकित्सा मॉडल आमतौर पर विशिष्ट लक्षणों के उपचार पर केंद्रित होता है। परंपरागत चिकित्सा का एक प्रमुख पहलू निवारक देखभाल है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिसमें उचित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि और तनाव प्रबंधन शामिल होते हैं, ताकि बीमारी को उत्पन्न होने से पहले ही रोका जा सके। आधुनिक युग की जीवन शैली में निष्क्रियता और बढ़ते तनाव में उपरोक्त कारकों का सामंजस्य आज वैज्ञानिकों द्वारा प्रमाणित किया जा चुका है, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य का लक्ष्य प्राप्त करना सुलभ हो सकता है। परंपरागत चिकित्सा अक्सर प्राकृतिक तत्वों का उपयोग करती है, जिसमें पौधे, खनिज, और पशु उत्पाद शामिल होते हैं, जो उपचार को प्रेरित करने के लिए होते हैं। ये उपचार शरीर की प्राकृतिक उपचार प्रक्रियाओं के साथ सामंजस्य में काम करने का आश्वासन देते हैं।

परंपरागत चिकित्सा के चिकित्सक अक्सर उपचार को व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार ढालते हैं, जिसमें उनकी विशिष्ट शारीरिक स्थिति, जीवनशैली, और स्वास्थ्य इतिहास को ध्यान में रखा जाता है। यह व्यक्तिगत दृष्टिकोण बीमारी के मूल कारणों को हल करने में मदद करता है, न कि केवल लक्षणों को खत्म करने में।

जड़ी-बूटी के उपचार कई परंपरागत चिकित्सा प्रणालियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका उपयोग पाचन समस्याओं से लेकर पुरानी बीमारियों तक के इलाज के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए हल्दी और अदरक आमतौर पर आयुर्वेद में उनकी सूजनरोधी गुणों के लिए उपयोग होते हैं।

अरब व ईरानी विद्वानों द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में किये गए योगदान को नकारा नहीं जा सकता। चार तत्व, चार प्राकृतिक स्त्रोतों से धनी इस वैज्ञानिक व प्रभावी चिकित्सा पद्धति द्वारा असाध्य रोगों का इलाज न सिर्फ संभव है वरन प्रभावी भी है। निदान व उपचार के सर्वप्रथम जीवनशैली के वाह्य कारकों हवा, खाना-पीना, शिथिलता, नीद आदि को ही प्रबंधन की वकालत करने वाले इस चिकित्सा में दूसरे स्थान पर औषधियों द्वारा इलाज का अनुमोदन किया गया है और अंत में ही शल्य चिकित्सा के लिए आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

ये तकनीकें, जो पारंपरिक चीनी चिकित्सा पर आधारित हैं, शरीर के विशिष्ट बिंदुओं को सक्रिय करने की प्रक्रिया में शामिल होती हैं ताकि ऊर्जा संतुलन को बहाल किया जा सके। ये दर्द प्रबंधन, तनाव कम करने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी मानी जाती हैं।

योग, ध्यान और ताई ची जैसी तकनीकें शारीरिक गतिविधियों को मानसिक ध्यान और विश्राम के साथ जोड़ती हैं। ये अभ्यास तनाव को कम करने, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहायक माने जाते हैं।

विभिन्न संस्कृतियां पारंपरिक उपचार रस्मों को अपनाती हैं। जैसे मालिश, सुगंध चिकित्सा और आध्यात्मिक परामर्श। ये विधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक समर्थन भी प्रदान करती हैं। परंपरागत चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक हो सकती है, अतिरिक्त उपचार विकल्प प्रदान करती है और उन स्वास्थ्य पहलुओं को संबोधित करती है जिन्हें अक्सर पारंपरिक चिकित्सा द्वारा अनदेखा किया जाता है। कई परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां, विशेष रूप से जड़ी-बूटी चिकित्सा, महंगे चिकित्सा उपचार के किफायती विकल्प के रूप में प्रभावी होती हैं। परंपरागत चिकित्सा व्यक्तियों को उनकी स्वास्थ्य देखभाल में एक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है। आत्म-देखभाल और निवारक उपायों को बढ़ावा देकर व्यक्ति अपनी स्वास्थ्य प्रबंधन में अधिक सशक्त महसूस करते हैं। परंपरागत चिकित्सा विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों के साथ मेल खाती है, जो स्वास्थ्य देखभाल के लिए सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह अनुकूलता रोगी की अनुवर्ती और संतोष को बेहतर बना सकती है।

इसके लाभों के बावजूद परंपरागत चिकित्सा को आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में एकीकृत करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों में शामिल हैंः

कई परंपरागत तरीकों की प्रभावकारिता को प्रमाणित करने के लिए कठोर वैज्ञानिक अध्ययनों की कमी है। इससे स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और रोगियों में संदेह उत्पन्न हो सकता है।

परंपरागत चिकित्सा पद्धति में मानकीकरण और विनियमन की कमी के परिणामस्वरूप उपचार की असंगत गुणवत्ता और सुरक्षा हो सकती है। परंपरागत पद्धतियों की गलत व्याख्याएं सांस्कृतिक गलत उपयोग या अनादर का कारण बन सकती हैं। यह आवश्यक है कि चिकित्सक परंपरागत चिकित्सा के सांस्कृतिक संदर्भ को समझें ताकि प्रभावी और सम्मानजनक उपचार सुनिश्चित किया जा सके। परंपरागत चिकित्सा मूल्यवान अंतर्दृष्टि और पद्धतियां प्रदान करती है जो आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के साथ समन्वित की जा सकती हैं। जैसे-जैसे दुनिया समग्र स्वास्थ्य के महत्व को पहचानती है, परंपरागत चिकित्सा को मुख्यधारा के स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में शामिल करने का अवसर मौजूद है, जिससे रोगी की देखभाल में सुधार हो और समग्र कल्याण को बढ़ावा मिले। परंपरागत और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के बीच भविष्य के अनुसंधान और सहयोग से स्वास्थ्य के लिए एक अधिक व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**(लेखक, नई दिल्ली के जामिया हमदर्द में शरीर रचना विभाग के अध्यक्ष हैं।)**

# इजराइल का लक्ष्य ईरान को युद्ध में लपेटना है

**इजराइल का लक्ष्य ईरान क्यों है?ः न्यूयॉर्क टाइम्स की मानें तो यह सीरियाई केंद्र ईरान की मदद से हिज्बुल्लाह संचालित कर रहा था। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि इजराइल का लक्ष्य सीधे-सीधे ईरान को युद्ध में लपेटना है। ऐसा अगले चंद दिनों में संभव है। यहाँ हमास के हमसफर हिज्बुल्लाह ने इजराइल के उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में एक साथ सैकड़ों रॉकेट लांचर से हमला किया, इजराइली आयरन डोम से हमला विफल हो गया, प्रशासन को आनन-फानन में अपने करीब पच्चास हजार यहूदियों को सुरक्षित क्षेत्र में पुनर्वासित करना पड़ा। अब इजराइली पैदल सेना गाजा पट्टी की तरह लेबनान में घुसेगी और भयंकर तबाही मचेगी तो यह युद्ध विकराल रूप लेता हुआ दिनों नहीं, महीनों और वर्षों तक चलेगा।**

**ललित मोहन बंसल**

वैश्विक तनाव, रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास, सूडान गृहयुद्ध, दो अरब की भुखमरी और पर्यावरण असंतुलन की मार से संयुक्त राष्ट्रसंघ इन दिनों कैमरे में बंद है, इसके संरक्षक, मुखिया और चाहने वाले हाल-बेहाल हैं। ह्ययूक्रेन-रूसह्न युद्ध पर पश्चिमी तंज पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इतने क्रुद्ध हैं कि उनके राजनयिक प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में धमकी दे डाली कि ह्यइस परम्परागत युद्ध में एक ने भी लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र का प्रयोग किया तो उसके परिणाम घातक होंगे।ह्य इधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु ने संयुक्त राष्ट्र में कड़े तेवर अपनाते हुए युद्ध विराम को नकारा और अपने कमांडरों का आह्वान किया कि युद्ध की गति को बढ़ा दें। इसके एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र में इस्लामिक देशों ने दो तिहाई देशों के साथ मिलकर इजराइल पर दबाव बनाने की पहल की थी। इसका त्वरित असर यह हुआ कि इजराइली वायुसेना ने चंद घंटों बाद लेबनान के दक्षिण में ईरान के ह्यछद्म फ्रंटह्न हेज्बुल्लाह ठिकानों को निशाना बना कर पाँच सौ से अधिक फ्रंट समर्थकों को ढेर कर दिया और हजारों को घायल कर दिया। इसके चंद दिन पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र में ह्ययुद्ध नहीं, शांतिह्न और विश्व बंधुत्व के संदेश की अनसुनी कर डाली। इजराइल और फि लिस्तीन के दशकों से चले आ रहे खूनी संघर्ष में भारत ह्यदो राष्ट्र सिद्धांतह्न को प्रश्रय देता आया है। इसके बावजूद अमेरिकी कंधे पर सवार इजराइल के कमांडो ने घने अंधेरे में हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते हुए शुक्रवार को सीरिया के उत्तर पश्चिम में आधुनिकतम प्रेक्षापास्त्र शोध केंद्रह्न को ध्वस्त किया है, एक चौंकाने वाली घटना है। यही नहीं, शनिवार रात इजराइल ने हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नसरुल्लाह को मार गिराने में बड़ी सफलता हासिल की है। हेज्बुल्लाह के बड़े कमांडरों में अब गिनती के कमांडर रह गये हैं।

ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स की माने तो इजराइल और ईरान असल में बराबरी की टक्कर में हैं। ईरान 14वें नंबर पर है तो इजराइल 17वें पायदान पर है। ईरान के पास 551 तो इजराइल के पास 612 विमान हैं। ईरान के पास 186 लड़ाकू विमान हैं तो इजराइल के पास 241 लड़ाकू विमान हैं। टैंकों की स्थिति में ईरान आगे है।

इजराइल का लक्ष्य ईरान क्यों है?ः न्यूयॉर्क टाइम्स की मानें तो यह सीरियाई केंद्र ईरान की मदद से हिज्बुल्लाह संचालित कर रहा था। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि इजराइल का लक्ष्य सीधे-सीधे ईरान को युद्ध में लपेटना है। ऐसा अगले चंद दिनों में संभव है। यहाँ हमास के हमसफर हिज्बुल्लाह ने इजराइल के उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में एक साथ सैकड़ों रॉकेट लांचर से हमला किया, इजराइली आयरन डोम से हमला विफल हो गया, प्रशासन को आनन-फानन में अपने करीब पच्चास हजार यहूदियों को सुरक्षित क्षेत्र में पुनर्वासित करना पड़ा। अब इजराइली पैदल सेना गाजा पट्टी की तरह लेबनान में घुसेगी और भयंकर तबाही मचेगी तो यह युद्ध विकराल रूप लेता हुआ दिनों नहीं, महीनों और वर्षों तक चलेगा। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट है कि ईरान के राष्ट्रपति डाक्टर मसूद पेजेशकियन ने संयुक्त राष्ट्र में अपने उद्बोधन में पश्चमी देशों के प्रतिबंधों से मुक्ति और मित्रता का हाथ बढ़ाए जाने की घोषणा जरूर की है, उसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ईरान के साये में पल रहे हिज्बुल्लाह, हमास और हैती संगठनों से निजात पाना संभव नहीं है। गत जुलाई में सत्तारूढ़ डॉक्टर पेजेशकियन ने यह भी कहा है, ह्यहिज्बुल्लाह अकेले दम इजराइल से टक्कर लेने की स्थिति में नहीं है।ह्य यह भी एक सच्चाई है, अमेरिका में लाखों यहूदी (12 %) व्यवसायी हैं, टेक्नोक्रेट और अधिकारी हैं। इन दिनों चुनाव का माहौल गरमाया हुआ है, डेमोक्रेट जो बाइडन हों या रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप, यहूदियों की अनदेखी नहीं कर पा रहे हैं। एक दिन पहले ही राष्ट्रपति बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के शुभारंभ पर अपने अंतिम संबोधन में दलील दी थी, ह्यहमास सभी बंधक छोड़े फिर गाजा पट्टी से मुँह मोड़ कर चल दे, इससे युद्ध विराम और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।ह्य ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में विजयी होते हैं तो निःसंदेह खाड़ी में युद्ध विकराल रूप लेगा। पुतिन और उनके हमसफर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफि ंग तो न्यूयॉर्क पहुँचे नहीं, नाटो के द्वार पर रूसी दुंदुभि से हताश निराश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के कद्दावर, स्थायी सदस्य इंग्लैंड और फ्रांस भी व्लोडोमीयर जेलेंस्की के स्वर में स्वर मिला रहे हैं, लेकिन जेलेंस्की के इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हैं कि उन्हें रूस के अंदरूनी हिस्सों में मार करने के लिए लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र दिये जाएँ। यहाँ इंग्लैंड की नई सरकार के तेवर, खासकर उसके विदेश मंत्री ने यूक्रेन-रूस युद्ध में पुतिन की हठधर्मिता को कोसते हुए माफिया कह डाला। जेलेंस्की लगे रहे कि रूस पर युद्ध विराम और शांति के लिए विवश किया जाए। वह न्यूयॉर्क स्थित ट्रंप टावर में डोनाल्ड ट्रंप से मिले। ट्रंप भी उन्हें पुतिन से अपनी दोस्ती और एक दिन में युद्ध समाप्ति किए जाने की घुट्टी पिलाते रहे। इस ऊहापोह में संयुक्त राष्ट्र भले 190 देशों और पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद की सीमाओं में बंधा हुआ है, सुरक्षा परिषद के विस्तार में अमेरिकी प्रस्ताव पर इंग्लैंड, फ्रांस सहित अन्यान्य देश भारत, जर्मनी और ब्राजील सहित एक अफ्रीकी देश को जोड़ने के लिए आगे आए हैं, लेकिन क्या इस प्रस्ताव को चीन स्वीकार करेगा? नरेन्द्र मोदी के शांति मार्ग के भी बहुत दीवाने हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र मंच से मोदी जब कहते हैं, ह्यह्नयुद्ध नहीं, शांति ही एकमात्र विकल्प है तो यूरोपीय देशों के साथ-साथ एशियाई और अफ्रीकी देश भी भारतीय दर्शन ह्यविश्व बंधुत्वह्न के तर्क से सम्मोहित हैं। संयुक्त राष्ट्र एक प्लेटफार्म है, साल में एक बार राष्ट्र नेता विश्व मंच पर अपनी-अपनी बात कहने न्यूयॉर्क आते हैं, दो विश्वयुद्ध की विभीषका के बाद 79 वर्ष पूर्व गठित इस साझा मंच पर अपनी व्यथा दोहराते हैं और फिर संयुक्त राष्ट्र की परिसीमाओं पर रोना रोकर चले जाते हैं। भारतीय दृष्टि से एक अच्छी बात यह कही जा सकती है कि यूक्रेन के युवा राष्ट्रपति ने मोदी को, जो पुतिन और बाइडन दोनों के मित्र भी हैं, स्वतः एक शांति दूत माना और साथ में आशीर्वाद भी लिया। मोदी दो महीने में दूसरी बार जेलेंस्की से मिले हैं, उन्होंने अपने रूस दौरे में दया अथवा दबाव में पुतिन को 'अनुज' रूप में यही संदेश दिया था, 'युद्ध नहीं, शांति' एकमात्र विकल्प है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# मातृ नवमी व्रत से होती है सभी मनोकामनाएं पूरी

**धर्म-अध्यात्म**

आज मातृ नवमी है, पितृपक्ष में नवमी तिथि के श्राद्ध को विशेष स्थान दिया गया है। इस दिन दिवंगत महिलाओं का श्राद्ध करने का विधान है, इसलिए इसे मातृ नवमी के नाम से भी जाना जाता है तो आइए हम आपको मातृ नवमी व्रत की विधि और महत्व के बारे में बताते हैं।

### जानें मातृ नवमी के बारे में

पितृ पक्ष में वैसे तो हर तिथि का विशेष महत्व है लेकिन आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि का महत्वपूर्ण मानी जाती है, इस तिथि को मातृ नवमी या मातृ श्राद्ध के नाम से भी जाना जाता है। इस बार मातृ नवमी का श्राद्ध कर्म 26 सितंबर दिन गुरुवार किया जाएगा। इस दिन माताओं, महिलाओं, मृत बेटियों का श्राद्ध करना बहुत शुभ माना जाता है। साथ ही इस दिन उन लोगों का श्राद्ध कर्म किया जाता है, जिनकी मृत्यु नवमी तिथि को हुई हो।

### मातृ नवमी पर श्राद्ध का मुहूर्त

मातृनवमी के दिन अपराह्न काल में माता, बहन, बहु, बेटी आदि का श्राद्ध होता है।

ऐसे में श्राद्ध कर्म का मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से 3 बजकर 35 मिनट है।

यानी कि पूजा और तर्पण आदि के लिए कुल अवधि है, 2 घंटे और 25 मिनट।

पंडितों के अनुसार मातृ नवमी का श्राद्ध करने से कुल वंश में वृद्धि होती है और दिवंगत महिलाओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। नवमी तिथि माता दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाती है इसलिए इस तिथि को अक्षय फल देने वाली कही जाती है। चैत्र माह की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म भी हुआ था इसलिए नवमी तिथि को दिवंगत माताओं, बहनों व बेटियों का श्राद्ध किया जाता है। मातृ नवमी के दिन पीपल के पेड़ के पास दीपक जलाकर पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी कर सकते हैं। नवमी तिथि इस बात का खास ध्यान रखें कि इस दिन लौकी की सब्जी ना खाएं और ना खिलाएं। इस दिन महिला पितरों को याद करते हुए उनके नाम का दान अवश्य करना चाहिए।

### मातृ नवमी पर ये करें, मिलेगा लाभ

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मातृ नवमी के दिन ब्राह्मण भोज के अलावा गरीब व जरूरतमंद लोगों को भी भोजन अवश्य कराना चाहिए, ताकि सभी मातृ शक्तियों का आशीर्वाद प्राप्त हो सके। इस दिन घर की महिलाओं को स्वच्छ वस्त्र पहनकर घर के बाहर रंगोली बनानी चाहिए और घर के दक्षिण दिशा में पितरों की पूजा अर्चना करें और तुलसी की पत्तियां अर्पित करें।

## सेहत

### कितने समय तक रहते हैं मेनोपॉज के लक्षण, कैसे रखें खुद का ख्याल

महिलाओं में पीरियड्स बंद होने की स्थिति को मेनोपॉज कहा जाता है। आमतौर पर ज्यादातर महिलाएं 45 से 55 साल तक की उम्र में मेनोपॉज की स्थिति आती है। हालांकि आज के समय में खराब खाने की आदतें, अनहेल्दी मेनोपॉज और बढ़ते तनाव के कारण महिलाओं को कम उम्र में ही पीरियड्स आने बंद हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस उम्र से गुजर रही हैं, तो हम आपको इस आर्टिकल के जरिए मेनोपॉज के कुछ अर्ली साइन के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि मेनोपॉज करीब आने पर महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन औ? प्रोजेस्ट्रोन नामक हार्मोन की मात्रा बहुत कम हो जाती है। जिसके कारण महिलाओं के शरीर में कई तरह के परिवर्तन दिखने लगते हैं। जिसके कारण महिलाएं अधिक तनाव में रहने लगती हैं और खुद को बीमार महसूस करती हैं। ऐसे में इन लक्षणों को पहचानना और भी जरूरी हो जाता है।

**डॉ. सतीशचंद्र, खूंटी।**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### जयराम महतो की आज बदलाव संकल्प सभा का आयोजन

# भाकपा माले के बाद कांग्रेस के ये नेता थामेंगे पार्टी का दामन

मेट्रो रेज

**गिरिडीह:** जयराम महतो की पार्टी 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' सूबे के 81 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है. ऐसे में इनकी पार्टी का कुनबा अब बढ़ता ही जा रहा है. चुनाव लड़ने की इच्छा पाले नेता लगातार जयराम के साथ आ रहे हैं. गिरिडीह जिले से भी दो नेता जयराम के साथ आ गए, जिनमें भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव और कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रहे नवीन आनंद ऊर्फ नवीन चौरसिया हैं. राजेश कुछ दिनों पहले ही भाकपा माले से त्यागपत्र दिए थे और पिछले दिनों जयराम की पार्टी में शामिल हो गए. जबकि 30 सितंबर यानी आज के आयोजित कार्यक्रम में नवीन आनंद विधिवत तौर पर जयराम के साथ होंगे. ईटीवी भारत ने दोनों से पार्टी छोड़ने की वजह और आगे की रणनीति को लेकर बातचीत की.

सूबे में बदलाव की लहरः राजेश राजेश यादव ने कहा कि गांडेय क्षेत्र में वे 20 वर्ष से जनता की अगुवाई की, जनता के लिए संघर्ष किया. कहीं न कहीं इन संघर्षों को छोड़ने की बात चल रही थी, तो इसलिए हमने भाकपा (माले) को छोड़ना ही बेहतर समझा. उन्होंने कहा कि हम जनसंघर्ष नहीं छोड़ सकते, जनता को नहीं छोड़ सकते इसलिए भाकपा माले ही छोड़ दिया. पूरे झारखंड में बदलाव की लहर चल रही है और जिस तरह से पिछले 24 साल से यहां के लोगों को ठगा गया, शहीदों के अरमानों को खत्म किया गया, इन्हें ट्रैक पर लाने की जरूरत है. अब झारखंड के नव निर्माण की बात है, जिसकी अगुवाई जयराम महतो कर रहे हैं. इसलिए पूरे झारखंड को जयराम से उम्मीद है।



## जयराम से प्रभावित होकर साथ चलने का लिया निर्णयः नवीन

नवीन आनंद ने कहा कि कांग्रेस में वे चार साल से थे, लेकिन वहां जनता की समस्या के मामले में मैं कुछ कर नहीं पा रहा था. पिछले छह महीने से जयराम महतो की कार्यशैली को देखते रहा और उनकी विचारधारा से प्रभावित होकर उनके साथ चलने का निर्णय लिया. एक सवाल के जवाब में नवीन ने कहा कि विधानसभा चुनाव की टिकट की उम्मीद सभी करते हैं. हालांकि मैं जयराम के साथ चलने आया हूं. टिकट मिले या नहीं उनके हर आंदोलन में साथ रहूंगा.

## बदलाव संकल्प सभा को संबोधित करेंगे जयराम

इधर, आज गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के सिहोडीह आमबागान में जयराम महतो का कार्यक्रम है. यहां बदलाव संकल्प सभा होनी है, जिसे जयराम महतो संबोधित करेंगे. पार्टी के नेता रॉकी नवल ने बताया कि जनता का समर्थन पूरा मिल रहा है. लोकसभा चुनाव में भी यह देखने को मिला है. रॉकी ने स्थानीय प्रशासन पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है. इनका कहना है कि शहर के झंडा मैदान में पार्टी के नेता जयराम महतो का कार्यक्रम करवाने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी. जबकि इसी झंडा मैदान में भाजपा, झामुमो का कार्यक्रम हो जाता है, लेकिन जयराम महतो को कार्यक्रम के लिए झंडा मैदान नहीं दिया जाता है.

# आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है : प्रधानमंत्री



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** प्रधानमंत्री के द्वारा मन ही बात कार्यक्रम का 114वां एपिसोड साहिबगंज शहर के 75 नंबर बूथ में सभी के द्वारा बंगाली टोला स्थित रॉबसन क्लब में सुना गया।मन की बात कार्यक्रम के 114वां एपिसोड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं।उन्होने आगे कहा 10 साल पहले मन की बात का प्रारंभ 3 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन से हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है कि इस साल 3 अक्टूबर को जब'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होंगे तब नवरात्रि का पहला दिन होगा।इसके आगे उन्होंने कहा कि लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में जानकारी की कितनी भूख है।पॉजिटिव बातें,प्रेरणा से भर देने वाले उदाहरण,हौसला देने वाली गाथाएं,लोगों को,बहुत पसंद आती हैं।जैसे एक पक्षी होता है चकोर जिसके बारे में कहा जाता है कि वो सिर्फ वर्षा की बूंद ही पीता है।मन की बात में हमने देखा कि लोग भी चकोर पक्षी की तरह देश की उपलब्धियों को लोगों की सामूहिक उपलब्धियों को कितने गर्व से सुनते हैं।इस अवसर पर बूथ नंबर 75 के मन की बात प्रमुख सह भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार,बूथ अध्यक्ष संजीव कुमार आर्य,संतोष कुमार कुमार गुप्ता,अरूप चटर्जी,सरित शेखर घोष,अभिजीत आर्य,सुजीत साह,रणविजय सिन्हा,सुबोध कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### न्यूज IN ब्रीफ

## स्थायी समिति के चेयरमैन बनने पर दी बधाई



**साहिबगंज :**भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व रास्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह साहिबगंज के भाजपा नेता अमित कुमार सिंह ने दिल्ली में गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दूबे से मिलकर दूरसंचार मंत्रालय और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संसद के स्थायी समिति के चेयरमैन बनने पर साहिबगंज सहित संताल परगना की जनता की ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिया।उन्होंने सांसद डॉ निशिकांत दूबे से साहिबगंज में रेल से संबंधित मांग पत्र सौपा।सांसद ने कहा कि हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस बहुत जल्द चलेगी,राजधानी का ठहराव भी होगा और लोकल ट्रेन भी मिलेगी कुछ ट्रेनों का साहिबगंज जिला में ठहराव भी होगा।साथ ही साहिबगंज को रेलवे के माध्यम से उसके पुराने गौरव को लौटाने का काम किया जाएगा।गोड्डा सांसद के माध्यम से प्रयास से अमित सिंह ने कहा कि राजमहल विधानसभा सहित साहिबगंज जिला झारखण्ड का विकास प्रवेश द्वार बनेगा।

**ये मांगे है :** साहिबगंज से हावड़ा के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का जल्द परिचालन शुरू किया जाए,साहिबगंज स्टेशन में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव, साहिबगंज से जमालपुर लोकल पैसेंजर ट्रेन जो धुलियांन पैसेंजर के बाद साहिबगंज से खुले और जमालपुर से गया-हावड़ा एक्सप्रेस के बाद खुले,क्योकि साहिबगंज लोकल और मालदा इंटरसिटी के बाद कोई ट्रेन भागलपुर से विक्रमशिला कहलगांव पीरपैंती, साहिबगंज आदि छोटे स्टेशनों के लिए कोई ट्रेन नही है।इससे शाम में 7 बजे के लगभग भागलपुर से एक लोकल ट्रेन हो जाएगी।इस लोकल ट्रेन के लिए सांसद पहले भी प्रयासरत रहे हैं।मुरली हाल्ट में तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर ट्रेन का ठहराव का भी मांग।

## दुमका पुलिस को मिली बड़ी सफलता, नकली शराब फैक्ट्री और डीजल चोरी मामले में 9 लोग गिरफ्तार



दुमका: जिला पुलिस को दो बड़ी सफलता हाथ लगी है. जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र में चल रहे नकली शराब फैक्ट्री का उद्वेदन किया गया है. इस मामले में कुल छह लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिसकी पहचान राहुल कुमार यादव, विमल कुमार मंडल, अभिषेक कुमार साह, विशाल कुमार चौधरी, राहुल साह, मंगल देहरी के रूप में हुई. वहीं, हंसडीहा थाना क्षेत्र से तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया, जो लाइन होटलों में खड़े वाहनों से डीजल चोरी कर धनबाद में ले जाकर बेचा करते थे. ये तीनों युवक उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले हैं.

**गांव में चल रहा था नकली शराब का धंधा**

दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के घने जंगल में अवस्थित मरगुज्जा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया. शराब फैक्ट्री स्थानीय ग्रामीण मंगल डेहरी के घर में चल रहा था. छापेमारी में नकली शराब की बोतल, व्हिस्की के कई नामी ब्रांड का स्टीकर, होलोग्राम के साथ भारी मात्रा में स्प्रिट और शराब बनाने की सामग्री जब्त की गई है.

**डीजल चोर गिरोह का भंडाफोड़**

दुमका पुलिस ने एक डीजल चोर गिरोह का भी भंडाफोड़ किया है. गिरोह के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जो सभी युवक उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले हैं. पुलिस के मुताबिक, काफी दिनों से जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत रोड किनारे बने लाइन होटल से शिकायत मिल रही थी कि होटल के सामने खड़ी गाड़ियों के टंकी से डीजल चोरी हो रही है. जिले के एसपी के निर्देश पर संबंधित स्थान की गश्ती टीम ने लाइन होटल में खड़ी गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखनी शुरू कर दी. इस दौरान कटनिया गांव के समीप सनी लाइन होटल के पास पुलिस ने देखा कि तीन व्यक्ति होटल के बगल में रोड किनारे लगे वाहन के टंकी से तेल निकालने का प्रयास कर रहा था तभी पुलिस की गाड़ी देखते हुए तीनों व्यक्ति भागने लगे. पुलिस ने उसका पीछा किया और तीनों को पकड़ लिया गया. तीनों की पहचान बरेली, नवाबगंज थाना निवासी अब्दुल बहीद, पीलीभीत, जहानाबाद थाना निवासी मो.नाजिम, बरेली के बारादरी थाना निवासी जुबैर खान के तौर पर हुई.

**एसपी ने दी जानकारी**

जिले के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ विजय कुमार महतो के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया. छापेमारी के दौरान मंगला देहरी पकड़ा गया, जिसके घर में शराब फैक्ट्री चल रही थी. गिरफ्तार युवक से पूछताछ के बाद अन्य पांच युवकों को तारापीठ स्थित प्रेरणा होटल से गिरफ्तार किया गया. इनके पास से एक कार भी बरामद की गई. एसपी ने बताया कि इनमें से कई युवक पहले भी अवैध शराब के कारोबार में जेल जा चुके हैं. वहीं, वाहनों से डीजल चोरी करने वाले उत्तर प्रदेश के तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में तीनों ने डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की है. एसपी ने बताया कि फिलहाल मामले में छानबीन चल रही है कि उनके गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं. उनकी भी जल्द गिरफ्तारी होगी.

## हिंदू क्रांति संघ का विसतार को लेकर बैठक



साहिबगंज :हिंदू क्रांति संघ रविवार के दिन बैठक रखा बैठक में सदस्य बनाया।जिसमें सदस्य का दायित्व दिया। दायित्व को देते हुए बैठक को संपूर्ण किया गया बैठक में उपस्थित साहिबगंज जिला अध्यक्ष सन्नी राज,साहिबगंज सचिव मयंक यादव, कोषा अध्यक्ष रितेश यादव ,साहिबगंज नगर उपाध्यक्ष गौतम सिंह,साहिबगंज नगर संगठन मंत्री- दीपक कुमार गुप्ता साहिबगंज नगर अध्यक्ष विवेक कुमार एवं जिला सदस्य उपस्थित बजरंग दल वार्ड संयोजक-अमन सिंह समस्त कार्यकर्ता जिसमें प्रिंस कुमार ,अनिकेत यादव ,शिवम सिंह और जिला नगर के लिए नियुक्ति पत्र दिया। जिला अध्यक्ष सनी कुमार ने कहा कि गाय रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी और समाज में जो भी कार्य करना होगा हम सभी संगठित होकर हिंदू हित में कार्य करेंगे।

# विश्व हृदय दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर हुई चर्चा

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** एनसीडी बीएल एल जिला स्वास्थ्य समिति साहिबगंज की ओर से विश्व हृदय दिवस का आयोजन पुराना सदर अस्पताल परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल डॉक्टर किरण माला डॉ महमूद आलम ,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सीएससी सदर ,डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर राजेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर डॉक्टर अमित कुमार द्वारा गीत गाकर वहां उपस्थित लोगों को अपनी हृदय को कैसे स्वस्थ रखें इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।उन्होंने कम से कम रोज 30 मिनट व्यायाम करने की सलाह वहां पर उपस्थित लोगों को दी।वही डॉक्टर राजेश कुमार द्वारा अपने जीवन को कैसे तनाव मुक्त रखें कैसे स्वस्थ रहे इस विषय पर व्यापक जानकारी दी गई।डॉक्टर महमूद आलम द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन किए जाने पर खुशी जाहिर की साथ ही एनसीडीसीईएल एल के सभी कर्मचारियों की तारीफ भी की।उन्होंने बताया कि हम अपने स्वास्थ्य को अपने जीवन शैली में सुधार लाकर ठीक रख सकते हैं। अंत में जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल डॉक्टर किरण माला द्वारा वहां उपस्थित को संबोधित किया गया उन्होंने अपने संबोधन में विश्व हृदय दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ ही उन्होंने बताया कि अपने खान-पान में किन-किन चीजों का ध्यान रखकर अपने स्वास्थ्य को अपने हृदय को स्वस्थ रख सकते हैं 'मंच संचालक मुनि जी पांडे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा कर दी गई। मौके पर अमित कुमार वित्तीय सलाहकार एनसीसी सेल पंकज पीटर सोरेन डीपीए एनसीडी बीएल एल , राजीव कुमार पॉल सोशल वर्कर एनटीसीपी, राजीव रंजन कोऑर्डिनेटर डीपीएमयू , मनोज कुमार यादव बीपीएम सदर प्रखंड, संजय राम फैमिली प्लानिंग काउंसलर, सभी सैया साथी, साथिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।




# तीन अक्टूबर को नवरात्रि के पहले दिन पूरे हो जाएंगे मन की बात के दस वर्ष : पीएम मोदी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम का 114 वा एपिसोड बडहरवा नगर पंचायत बूथ संख्या 32 में सुना गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मन की बात' में एक बार फिर हमें जुड़ने का अवसर मिला है।उन्होंने कहा कि आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है,मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है।कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे है।उन्होंने कहा कि10 साल पहले 'मन की बात' का प्रारंभ 3 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है।कि इस साल 3 अक्तूबर को जब'मन की बात'के 10 वर्ष पूरे होंगे,तब नवरात्रि का पहला दिन होगा।नरेंद्र मोदी ने कहा की 'मन की बात' के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार उन्होंने कहा कि 'मन की बात' की इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं,जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता।'मन की बात'के करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं।जिनका मुझे निरंतर सहयोग मिलता रहा।देश के कोने-कोने से उन्होनें जानकारियां उपलब्ध कराईं। 'मन की बात' के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। आमतौर पर एक धारणा ऐसी घर कर गई है कि जब तक चटपटी बातें न हो,नकारात्मक बातें न हो तब तक उसको ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती है।पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' ने साबित किया है। कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है।सकारात्मक बातें,प्रेरणा से भर देने वाले उदाहरण,हौसला देने वाली गाथाएं,लोगों को बहुत पसंद आती हैं।कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद ललिता पासवान,राजकुमार साह,बाबू मंडल संजय कुमार साह,मनोज मंडल,छोटू मंडल शोभ नाथ मंडल,मीना देवी, कोली मंडल,गीता देवी,अपर्णा मंडल,डोली देवी सहित कई लोग मौजूद थे।



# प्रखंड प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में बांटा सामग्री

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/मंडरो:** बढ़ते जलस्तर तबाही से आम जन जीवन यापन करने वाला लोगों की भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।बाढ़ ने कई गांवों में तबाही मचा दी है। मंडरो प्रखंड के अंबाडीहा पंचायत में बाढ़ से प्रभावित लोगों की समस्या बढ़ गई है ।साथ साथ प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। बाढ पीड़ित परिवारों को प्रशासन द्वारा हर संभव मदद पहुंचाया जा रहा है। अंबाडीहा पंचायत क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित लोगों की बीच त्रीपाल, पन्नी, चुडा, गुड़, मोमबत्ती, विभिन्न सुखा सामग्री का वितरण किया गया है, ताकि पीड़ीत परिवार को मदद प्रशासन द्वारा मुहैया कराया गया। सीओ ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद निरंतर की जा रही है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। राहत सामग्री वितरण के इस प्रयास से प्रभावित लोगों में राहत की भावना देखने को मिल रही है, प्रशासन राहत कार्य में जुटा है, ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाई जा सके। मौके पर बीडीओ मेघनाथ उरांव, जिला परिषद सदस्य धनंजय सोरेन, मंडल अध्यक्ष लड्डू भगत, उर्फ.अजय भगत आदि लोग मौजूद थे।



## रक्तदान महादान अभियान कल

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन की ओर से रक्तदान महादान अभियान के तहत सदर अस्पताल, साहिबगंज,अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहरवा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। निदेशानुसार आप सबों से अनुरोध है।कि रक्तदान शिविर में पहुँच कर स्वयं रक्तदान करें और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित करें। रक्तदान करवाएं।

# स्वच्छता जागरूकता साइकिल रैली काजीगांव शिवमंदिर से कॉलेज परिसर तक निकाली

मेट्रो रेज

साहिबगंजः दो अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत साहिबगंज जिले के अंतर्गत मॉडल कॉलेज राजमहल में सैकड़ों छात्र छात्राओं के द्वारा स्वच्छता जागरूकता साइकिल रैली काजीगांव शिवमंदिर से कॉलेज परिसर तक निकाली गयी।इसके पश्चात कॉलेज परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजमहल उदय कुमार सिन्हा द्वारा उपस्थित दर्जनों छात्र छात्राओं एवं प्रबुद्धजनों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया।उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता शपथ को सिर्फ शपथ तक ही सीमित न रखकर अपने जीवन में आत्मसात करते हुए जन-जन तक स्वच्छता ही सेवा जागरूकता को फैलाना है। इसी कड़ी में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ.रणजीत कुमार सिंह ने ह्यस्वच्छता ही जीवन का मूल मंत्र हैह्न का नारा देते हुए इसे जीवन में ढालने का आवाहन किया और साथ ही साथ अपने गाँव समाज में स्वच्छता जागरूकता लाने का संदेश दिया।स्वच्छता कार्यक्रम के संयोजक प्रजापति प्रकाश बाबा ने स्वच्छता अभियान के संदर्भ में प्लास्टिक के बहिष्कार का संकल्प लिया और प्लास्टिक मुक्त समाज की परिकल्पना की। मंच से ही स्वच्छता जिला समन्वयक जीनत परवीन ने स्वच्छता पर ही अपनी बात रखते हुए कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है तथा स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है।शिक्षक प्रवीर कुमार ने प्रकृति और पर्यावरण को बचाने तथा उनका संरक्षण करने पर जोर दिया।इस स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के प्राध्यापक डॉ.रमजान अली,डॉ.अमित कुमार,डॉ. विवेक महतो और शिक्षक आनंद महतो,आदित्यराज ठाकुर और कर्मचारियों मोहन कुमार,सुमित साहा,प्रकाश,बबलू और करमू महतो तथा जिला स्वच्छता समिति से आए हुए कर्मचारी रॉकी पंडित एवं मो.शहाजुद्दीन प्रज्ञा केंद्र के कमल किशोर मंडल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत रामपुरा गाँव में सक्षम अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण एवं सभी प्राध्यापक,छात्र,छात्राओं एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायत व कॉलेज परिसर में श्रमदान किया गया।



# दूसरे दिन फिल्म 'देवरा' की कमाई में आई गिरावट

निर्देशक कोरातला शिवा की एक्शन व थ्रिलर फिल्म 'देवरा-पार्ट 1' काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही दर्शक देखने के लिए उत्सुक थे। छह साल के लंबे इंतजार के बाद जूनियर एनटीआर ने एक बार फिर अपनी सोलो फिल्म से धमाल मचा दिया है।इस फिल्म की कमाई में दूसरे दिन ही कमी दर्ज की गई। फिल्म देवरा दुनियाभर में रिलीज हुई थी। फिल्म देवरा में एनटीआर के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। यह जाह्न्वी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म है। देवरा में सैफ अली खान विलेन का किरदार में हैं। फिल्म देवड़ा को ओपनिंग डे पर दर्शकों का खूब प्यार मिला है। अब 'देवरा' की दूसरे दिन की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन रिपोर्ट सामने आ गई है। रिलीज से पहले फिल्म का जमकर प्रमोशन भी किया गया था। इस फिल्म में आपको भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा और साथ ही सस्पेंस का मजा भी मिलेगा। सैकनिल्क के मुताबिक 'देवरा' ने पहले दिन 82.5 करोड़ रुपये से खाता खोलकर कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे, वहीं अब दूसरे दिन 'देवरा' ने महज 40 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। पहले दिन के मुकाबले इसकी कमाई दूसरे दिन घटकर आधी रह गई है। हालांकि, महज दो दिन में यह फिल्म भारत में 100 करोड़ रुपये के क्लब का हिस्सा जरूर बन गई है। पहले दिन की शानदार कमाई के साथ 'देवरा' साल की दूसरी सबसे बड़ी ओपनर बनी। वही दुनियाभर में यह 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।

- बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। यह जाह्न्वी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म है।

### देवरा की कहानी

देवरा फिल्म की कहानी की बात करें तो यह पूरी तरह से जूनियर एनटीआर पर आधारित है। इसमें एनटीआर फिल्म में खलनायक की भूमिका निभा रहे सैफ अली खान के साथ समुद्र के रास्ते अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। एक दिन अचानक एनटीआर को एहसास हुआ कि वह जो कर रहा है, वह गलत है। इसके बाद वह इस अपराध की दुनिया से बाहर निकलना चाहता है, लेकिन सैफ को यह पसंद नहीं है। फिर यहीं से शुरू होती है उनके बीच लड़ाई।





# आईफा अवार्ड्स 2024 : शाहरुख खान ने जीता बेस्ट एक्टर का अवार्ड

आईफा अवार्ड्स 2024 इस समय अबू धाबी में चल रहा है। अवॉर्ड समारोह में बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की है। आईफा अवॉर्ड्स 2024 का खूब क्रेज देखने को मिला। इस अवॉर्ड समारोह में किसे कौन सा अवॉर्ड मिला, विजेताओं की लिस्ट सामने आ गई है। इसमें फिल्म 'जवान' के लिए शाहरुख खान ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। शाहरुख ने मणिरत्नम को प्रणाम कर पुरस्कार स्वीकार किया, जबकि ए आर रहमान और मणिरत्नम से पुरस्कार स्वीकार किया। देखें आईफा अवॉर्ड्स 2024 में किसने जीता कौन सा अवॉर्ड। आईफा 2024 इस साल अबू धाबी में आयोजित किया गया। इस इवेंट का खास आकर्षण शाहरुख खान रहे। शाहरुख खान अपनी खास अंदाज में आईफा 2024 को होस्ट करते नजर आए। शाहरुख का साथ करण जौहर और विक्की कौशल ने दिया। दिग्गज एक्ट्रेस रेखा भी इस इवेंट के लिए खास परफॉर्मेंस देती नजर आईं।

### आईफा अवार्ड्स 2024 विजेताओं की पूरी सूची

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म – एनिमल
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता – अनिल कपूर (एनिमल)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री– शबाना आजमी (रॉकी और रानी की प्रेम कहानी)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता– शाहरुख खान (जावन)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री– रानी मुखर्जी (मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे)
- नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता– बॉबी देओल (एनिमल)
- भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान– जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी
- सिनेमा में 25 साल पूरे करने पर उपलब्धि– करण जौहर
- सर्वश्रेष्ठ संगीत – एनिमल
- सर्वश्रेष्ठ गीत– सिद्धार्थ–गरिमा (एनिमल गीत सतरंगा)
- सर्वश्रेष्ठ गायक पुरुष– भूपिंदर बब्बल (एनिमल गीत अर्जन वेली)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक– विधु विनोद चोपड़ा (12वीं फेल)
- सर्वश्रेष्ठ कहानी– रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
- सर्वश्रेष्ठ कहानी (रूपांतरित)– 12वीं फेल
- सर्वश्रेष्ठ गायिका महिला- शिल्पा राव (जवान गीत चालेया)

# प्रभास को 'जोकर' कहकर विवादों में घिरे अरशद वारसी



बॉलीवुड में कुछ दिन पहले बड़ा विवाद हुआ था। रिलीज हुई फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अभिनेता प्रभास द्वारा निभाई गई भूमिका पर अरशद वारसी ने अपनी राय व्यक्त की थी। अरशद ने प्रभास को 'जोकर' भी कहा। इसको लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इसे लेकर भारतीय मनोरंजन जगत के कई कलाकारों ने अरशद की आलोचना की थी। आखिरकार इतने समय बाद अरशद ने इस विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### अरशद ने प्रभास के बारे में दिए बयान पर सफाई दी

बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी ने हाल ही में आईफा अवार्ड्स 2024 में इस बात पर सफाई दी। अरशद ने कहा, मैंने जो कुछ भी कहा वह कल्कि 2898 एडी में प्रभास द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में था। मैंने उनके द्वारा निभाई गई भैरव की भूमिका के बारे में बात की। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनकी आलोचना नहीं की। हर किसी का किसी चीज पर अलग नजरिया होता है।

### अरशद ने की प्रभास की तारीफ

अरशद ने आगे प्रभास की तारीफ करते हुए कहा, मैंने प्रभास के रोल के बारे में बात की। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनकी आलोचना नहीं की। प्रभास ने बार-बार साबित किया है कि वह एक महान अभिनेता हैं। यह हम सभी जानते हैं। जब हम किसी अच्छे अभिनेता को ऐसा किरदार निभाते हुए देखते हैं दर्शक बहुत उत्साहित हो जाते हैं यह दुखद था। इस तरह अरशद वारसी ने अपने पहले वाले बयान पर सफाई दी है।

# कंगना रनौत ने खरीदी 3 करोड़ की लग्जरी कार



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनकी फिल्म 'इमरजेंसी' 6 सितंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन विवादों के कारण इसे टाल दिया गया। इस कारण एक्ट्रेस को काफी नुकसान हुआ। उन्हें मुंबई के पाली हिल में अपना बंगला 32 करोड़ में बेचना पड़ा। पर अब उन्होंने एक महंगी कार खरीदी है। उनकी रेंज रोवर की कीमत 3 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कंगना रनौत ने अपनी गाड़ियों के काफिले में एक और नई कार जोड़ी है। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वो सलवार-सूट पहने हाथ में पूजा की थाली पकड़े हुए नजर आ रही हैं। ये तस्वीर हिमाचल प्रदेश वाले घर की बताई जा रही हैं। 'इमरजेंसी' फिल्म की बात करें तो सेंसरबोर्ड ने इस फिल्म में 13 कट्स लगाने को कहा है। इसमें कंगना ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। फिल्म में महिमा चौधरी, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन सहित दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक हैं।



### कंगना ने बेचा था घर

कंगना ने 'इमरजेंसी' फिल्म की वजह से नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने कहा था कि उनकी निजी संपत्ति दांव पर लगी थी। जब ये रिलीज नहीं हुई तो ऐसे समय में अपनी प्रॉपर्टी का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा था, 'अगर आप कभी बुरे समय का सामना कर रहे हैं तो आप इसे बेच सकते हैं।

### 20 करोड़ में खरीदी थी प्रॉपर्टी

कंगना ने साल 2017 में ये प्रॉपर्टी 20 करोड़ रुपये में खरीदी थी। उन्होंने साल 2019 में यहां 'मणिकर्णिका फिल्म्स' का अपना प्रोडक्शन हाउस का ऑफिस शुरू किया था। ये वही प्रॉपर्टी है, जिसका कुछ हिस्सा साल 2020 में BMC ने गिरा दिया था।

# महिला टी20 विश्व कप : भारत ने अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को हराया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड ने दर्ज की जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** जेमिमा रोड्रिग्स के शानदार अर्धशतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को दुबई के आईसीसीए 2 ग्राउंड पर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को 20 रन से हरा दिया। बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने के बाद, भारतीय टीम मुश्किल में पड़ गई, जब शैफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना जल्दी आउट हो गईं। हेली मैथ्यूज (4/17) ने शुरुआत में ही दो विकेट लेकर भारत को मुश्किल में डाल दिया। भारतीय टीम केवल 23 रन पर 3 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। लेकिन यहां से जेमिमा और यास्तिका भाटिया (24) ने 50 रन जोड़कर भारत को मैच में वापसी दिलाई। मैथ्यूज ने यास्तिका को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। जेमिमा ने एक तरफ से भारतीय पारी के संभाले रखा और अंततः 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हुईं। भारतीय टीम ने 20 ओवरों में 8 विकेट 141 रन बनाए। जवाब में विंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही, 13 रन पर तीन विकेट गिर गए, जिसमें मैथ्यूज (पांच गेंदों पर शून्य रन) का विकेट भी शामिल था।इसके बाद शेमेन कैम्पबेल (20) और चिनेल हेनरी (नाबाद 59) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। लेकिन कैम्पबेल के आउट होने के बाद, दीप्ति शर्मा (2/11) ने एक ओवर में दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया और विंडीज की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 121 रन ही बना सकी।



### न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

लेघ कास्पेरेक और अमेलिया केर के तीन-तीन विकेटों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पिछले साल के विश्व कप उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में सिर्फ 92 रन पर आउट हो गई, हालाँकि उन्होंने अपने पूरे 20 ओवर खेले। कीवी गेंदबाज एडेन कार्सन ने सिर्फ़ दूसरी गेंद पर टैमज़िन ब्रिट्स को आउट किया और अपने चार ओवरों में 21 रन देकर दो विकेट लिए।दक्षिण अफ्रीका के लिए लॉरा वोल्वार्ड्ट ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। उन्हें कास्पेरेक (3/7) ने आउट किया। दूसरे छोर से, केर (3/13) भी उतनी ही सटीक रहीं, दोनों ने मिलकर आठ ओवर किए, छह विकेट लिए और सिर्फ़ 20 रन दिए। न्यूजीलैंड के लिए यह लक्ष्य हासिल करना औपचारिकता मात्र था, सुजी बेट्स 17 रन बनाकर आउट हो गईं, उसके बाद केर और कप्तान सोफी डिवाइन ने दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े। केर अंतत: 37 रन बनाकर आउट हो गईं, डिवाइन 35 रन बनाकर नाबाद रहीं और उन्होंने और ब्रुक हैलीडे ने न्यूजीलैंड को जीत दिलाई।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में इंग्लैंड को हराकर शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन बनाए, जिसमें बेथ मूनी (50) ने उन्हें बेहतरीन शुरुआत दी। उन्हें अर्धशतक बनाने के लिए सिर्फ 30 गेंदों की जरूरत थी और एलिसा हीली (12) और एलीस पेरी (7) कुछ खास नहीं कर सकीं। मूनी और एश्ले गार्डनर (21) के बीच 50 रनों की साझेदारी को चार्ली डीन (1/16) ने तोड़ा, लेकिन ताहलिया मैकग्राथ (31) और जॉर्जिया वेयरहम (नाबाद 18) ने तेजी से रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड की गेंदबाजों में लॉरेन बेल ने 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। माया बाउचियर ने 17 रन की तेज पारी खेली, हालांकि वह बड़ा स्कोर बना पातीं, इससे पहले वह डार्सी ब्राउन का शिकार बनीं। इसके बाद एलिस कैप्सी क्रीज पर आईं और उन्होंने महज 34 गेंदों पर 40 रन बनाकर प्रभावित किया। हालांकि, नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण उन्हें ज्यादा समर्थन नहीं मिला। मैकग्राथ ने महत्वपूर्ण नेट साइवर-ब्रंट को आउट करके 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इंग्लैंड की टीम 19.4 ओवरों में 129 रन पर सिमट गई।

## श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल की संभावनाओं को नकारा

**गाले :** श्रीलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-0 की शानदार जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की तालिका में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, श्रीलंका को इस चक्र में चार टेस्ट और खेलने हैं, जिनमें दो दक्षिण अफ्रीका में और दो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर हैं। श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट जीते हैं, जिसकी शुरुआत इस महीने की शुरुआत में ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ यादगार जीत से हुई थी। इसके बाद वे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की सीरीज जीती, श्रीलंकाई टीम ने पहला मैच 63 रन से और दूसरा मैच एक पारी और 154 रन से जीता। धनंजय ने मैच के बाद टेस्ट फाइनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर कहा, ₹हम केवल एक मैच से दूसरे मैच तक ही सीमित रह गए हैं। अगर आप बहुत आगे की ओर देखते हैं तो आप तत्काल महत्वपूर्ण चीजों को मिस कर सकते हैं। यह वही है जो मैं हमेशा युवा खिलाड़ियों से कहता हूं, अगर आप एक मैच से दूसरे मैच तक वही करते हैं जो जरूरी है, तो अंक तालिका में जो होना चाहिए वह खुद ही हो जाएगा। हालांकि, श्रीलंका के कप्तान को गर्व है कि उन्होंने टीम को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

# समित द्रविड़ के ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम के खिलाफ चार दिवसीय मैच में खेलने पर संदेह




**नई दिल्ली :** ऑलराउंडर समित द्रविड़, जिन्हें पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ़ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रखा गया था, घुटने की चोट से उबर नहीं पाए हैं और संभवतः चेन्नई में होने वाले आगामी चार दिवसीय मैचों से भी चूक जाएंगे।

भारत अंडर-19 के कोच ऋषिकेश कानितकर ने चेपक में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर रविवार को कहा, अभी वह एनसीए में हैं और अपने घुटने की चोट से उबर रहे हैं। इसलिए मुझे अभी तक पता नहीं है। ऐसा लगता नहीं है कि ऐसा होगा। पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित को महाराजा टी-20 ट्रॉफी में खेलने के बाद भारत की अंडर-19 टीम में पहली बार शामिल किया गया था, जहां उन्होंने मैसूर वॉरियर्स के लिए खेला था, और कूच बिहार ट्रॉफी में भी उन्होंने हिस्सा लिया था, जिसे कर्नाटक ने जीता था।

हालांकि, अब 18 साल के हो चुके समित 2026 में होने वाले अगले अंडर-19 विश्व कप के लिए पात्र नहीं होंगे। आईसीसी के नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो अंडर-19 विश्व कप में खेलने के लिए पात्र है, उसकी आयु 31 अगस्त, 2025 तक 19 वर्ष से कम होनी चाहिए। लेकिन समित 11 अक्टूबर को 19 वर्ष के हो जाएंगे और इसलिए वे 2026 अंडर-19 विश्व कप के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कर पाएंगे। भारत के पूर्व बल्लेबाज और एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि वे 2026 टी20 विश्व कप के लिए प्रतिभा पूल का चयन करने के बजाय खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका देने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

लक्ष्मण ने बेंगलुरू में नए अत्याधुनिक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के उद्घाटन के अवसर पर कहा, ₹अब हम ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ सीरीज खेल रहे हैं और सौभाग्य से बहुत से खिलाड़ी जो अगले विश्व कप से बाहर हो सकते हैं, वे इस सीरीज का हिस्सा हैं। इसलिए कुल मिलाकर उन्हें अनुभव प्राप्त है और वे केवल विश्व कप तक ही सीमित या विवश नहीं हैं। हम चाहते हैं कि वे क्रिकेटर के रूप में विकसित हों और सिर्फ इसलिए कि किसी ने भारत अंडर-19 खेला है या किसी ने भारत अंडर-19 नहीं खेला है, इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपने करियर में प्रगति नहीं करेंगे, लेकिन अगर वे उच्चतम स्तर पर खेलते हैं, विश्व कप के दबाव को समझते हैं, तो मुझे लगता है कि इससे उनकी मानसिक शक्ति बढ़ेगी और क्रिकेटर के रूप में भी प्रगति होगी।

# सीपीएल 2024: ब्रायन चार्ल्स ने टीकेआर में ड्वेन ब्रावो की जगह ली



**नई दिल्ली :** ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल 2024) के बाकी मैचों के लिए ड्वेन ब्रावो की जगह स्थानीय ऑफ स्पिनर ब्रायन चार्ल्स को अनुबंधित किया है। ब्रावो ने गुरुवार को सभी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, क्योंकि कमर में चोट के कारण सीपीएल 2024 में उनका कार्यकाल बीच में ही समाप्त हो गया था। ब्रावो को यह चोट तब लगी थी, जब उन्होंने तारौबा में सातवें ओवर में किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस का कैच लेने का प्रयास किया था। 29 वर्षीय चार्ल्स घरेलू क्रिकेट में त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए खेलते हैं, लेकिन अभी तक आधिकारिक तौर पर टी20 नहीं खेले हैं। उन्हें अपने लाल गेंद के कौशल के लिए जाना जाता है, हाल ही में उन्हें इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था। चार्ल्स वेस्टइंडीज चार दिवसीय चैंपियनशिप में त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ भी थे, उन्होंने सात मैचों में 17 की औसत से 31 विकेट लिए।

# छत्तीसगढ़ सरकार की सार्थक पहल से छात्राओं की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

एजेंसी



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सार्थक पहल से जशपुर जिला प्रशासन के तहत नव गुरुकुल शिक्षण संस्थान में आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ाना है, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें व्यावसायिक कौशल से जोड़ना है, ताकि वे अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकें। यह कार्यक्रम प्रदेश में जशपुर के साथ-साथ रायपुर और दंतेवाड़ा जिला में भी संचालित हैं। जिला प्रशासन द्वारा छात्रों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यहां छात्राओं को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, फायनेंस, बिजनेस, शिक्षा, और ग्राफिक्स डिजाइनिंग जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा, भाषा ज्ञान और व्यक्तित्व विकास पर अतिरिक्त कक्षाएँ भी आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्राओं का समग्र विकास हो सके। छात्राओं को निःशुल्क आवास, प्रशिक्षण, और भोजन की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। प्रशिक्षण के दौरान लैपटॉप/कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें अध्ययन और प्रोजेक्ट्स पर काम करने में मदद मिलती है। वर्तमान में, इस कार्यक्रम के तहत जिले की 16 प्रतिभाशाली छात्राएँ विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य राज्यों की प्रमुख कंपनियों में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट के लिए चयनित हुई हैं। ये छात्राएँ अब अच्छी आय अर्जित कर रही हैं, जो उनके प्रयासों का जीवंत प्रमाण है। यहाँ पर 150 छात्राओं के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, जिसमें वर्तमान में 60 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का यह दृष्टिकोण केवल छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा देता है। उनकी सोच ने ना केवल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान किया है।

## छात्राओं के अनुभव

जशपुर नगर की निवासी कुमारी प्रतिभा थापा बताती हैं कि ह्यमेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिससे मुझे पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। जब मैंने नव गुरुकुल के बारे में सुना, तो मैंने यहाँ फॉर्म भरा और प्रशिक्षण लेने आई। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि इतने महंगे कोर्स की पढ़ाई मुझे नि:शुल्क मिलेगी। मैंने बिजनेस कोर्स में 16 महीने का प्रशिक्षण लिया और आज एक निजी कंपनी में क्लाउड सपोर्ट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूँ। जशपुर नगर की ही कुमारी नेहा चौहान ने बताया कि मेरे पिता एक छोटे किसान हैं। हमारी आमदनी उतनी अच्छी नहीं है कि मैं बाहर जाकर पढ़ाई कर सकूं। लेकिन इस संस्थान से मुझे बहुत लाभ हुआ है। यहाँ मुझे बिजनेस कोर्स में 13 महीने प्रशिक्षण के साथ-साथ भाषा ज्ञान भी मिला, जो मेरे लिए बहुत उपयोगी है। डुगडुगीया (कुनकुरी) निवासी कुमारी साक्षी सिंह बताती हैं कि जब मुझे यहाँ के बारे में पता चला तो फॉर्म भरकर प्रशिक्षण ली। मैंने यहाँ 15 महीने का प्रशिक्षण लिया। आज मुझे बारु साहेब यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश में डेटा एनालिटिक्स एसोसिएट का जॉब मिला है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। मैं पहली बार अपने घर से बाहर निकली हूँ। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

# आरजी कर घोटाला: संदीप घोष के मोबाइल फोन और लैपटॉप से सीबीआई को 'प्रभावशाली लोगों' के मिले सुराग



एजेंसी

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय घोटाले की जांच कर रही सीबीआई को पूर्व विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष के दो मोबाइल फोन और दो लैपटॉप से 'प्रभावशाली लोगों से गठजोड़' के महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी के अनुसार, मोबाइल फोन और लैपटॉप के अलावा संदीप घोष के कार्यालय में स्थित डेस्कटॉप और वहां से जब्त किए गए कागजी दस्तावेजों से भी इसी तरह के सुराग मिले हैं। अब तक की जांच में एक तीनस्तरीय गठजोड़ सामने आया है। पहले स्तर में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोग शामिल हैं, जिन्होंने संदीप घोष को इतने बड़े घोटाले को अंजाम देने में मदद की। दूसरे स्तर में संदीप घोष और उनके करीबी सहयोगी शामिल हैं, जबकि तीसरे और अंतिम स्तर में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के ठेकेदार और सप्लायर शामिल हैं, जो घोष के विश्वसनीय थे। अधिकारी के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही समानांतर जांच में भी इस तीन स्तरीय गठजोड़ की पुष्टि करने वाले कुछ धन के लेन-देन के सुराग मिले हैं। आरजी कर वित्तीय अनियमितताओं की जांच अदालत द्वारा निर्देशित और निगरानी में हो रही है। जबकि ईडी ने इस मामले में प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज कर स्वतः संज्ञान लिया।

# एक अक्टूबर से बदल जाएगा स्कूलों व अस्पतालों का समय

एजेंसी




**जयपुर :** सर्दियां की घंटी बजते ही कई विभागों की समय सारिणी में बदलाव होगा। यह बदलाव एक अक्टूबर से प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी के साथ सरकारी स्कूलों में दिखेगा। इस बदलाव के अनुसार एक अक्टूबर से सरकारी अस्पतालों की ओपीडी का समय सुबह 9 से 3 बजे तक रहेगा। जबकि, प्रदेश के सारे सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव होगा। शिक्षा विभाग के शिविरा पंचांग के मुताबिक एक पारी विद्यालय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चलेगी। एक अक्टूबर से प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीज को देखने का समय बदला गया है। इस बदलाव के अनुसार एक अक्टूबर से सरकारी अस्पतालों की ओपीडी का समय सुबह नौ से तीन बजे तक रहेगा। नए समयानुसार डॉक्टर अब ओपीडी में मरीजों की जांच सुबह नौ बजे करेंगे और उन्हें दवा देंगे। अभी तक इन अस्पतालों में ओपीडी सुबह आठ बजे आरंभ होती थी। यह नई प्रक्रिया 31 मार्च तक रहेगी। एक अक्टूबर से जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल समेत दूसरे छोटे-बड़े हॉस्पिटल, पीएचसी-सीएचसी की रूटीन प्रक्रिया में बदलाव होगा। इन हॉस्पिटल में ओपीडी की शुरूआत सुबह आठ की बजाय नौ बजे शुरू होगी। ये प्रक्रिया 31 मार्च तक रहेगी। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) के साथ जयपुरिया, जेके लोन हॉस्पिटल, सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय, गणगौरी अस्पताल, कावंटिया हॉस्पिटल, जनाना हॉस्पिटल चांदपोल समेत शहर की तमाम पीएचसी-सीएचसी में यही समय रहेगा। इन हॉस्पिटल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन सुबह 8:30 बजे से शुरू होगा और दोपहर तीन बजे तक रहेगा। इसी तरह अगर किसी दिन राजकीय छुट्?टी होती है तो उस दिन ओपीडी का समय सुबह नौ से 11 बजे तक रहेगा। शिक्षा विभाग की ओर से जारी शिविरा कैलेण्डर के अनुसार एक अक्टूबर से राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाएगा। नए समय के अनुसार स्कूल सुबह 10 से शाम 4 बजे तक खुलेंगे। हालांकि राज्य में अभी भी गर्मी का प्रकोप कम नहीं हुआ है, जिससे यह बदलाव विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। राज्य में सितंबर के अंत तक तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। ऐसे में दोपहर के समय स्कूल का संचालन विद्यार्थियों के लिए कठिन हो जाएगा।

## सीईटी सीनियर सैकेंडरी 22 से 24 अक्टूबर तक



**जयपुर :** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर ने सीईटी (सीनियर सैकंडरी स्तर) कॉमन पात्रता परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। सीईटी अगले माह की 22 अक्टूबर से शुरू होगी। बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल के मुताबिक यह परीक्षा कुल छह चरणों में ली जाएगी। तीन दिन चलने वाली इस परीक्षा में हर दिन दो-दो चरणों में पेपर होंगे। 22 अक्टूबर को पहले चरण की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक, दूसरे चरण की परीक्षा इसी दिन दोपहर तीन से शाम छह बजे तक होगी। 23 अक्टूबर को तीसरे और चौथे चरण व 24 अक्टूबर को पांचवें और छठे चरण की परीक्षा सुबह नौ से 12 और दोपहर तीन से छह बजे की शिफ्ट में ली जाएगी।

# मुठभेड़ में फरार गौकश गिरफ्तार पैर में गोली लगने से घायल



● पुलिस की टीमें पकड़े गए गौकश अभियुक्त के साथी की तलाश में जुटी

एजेंसी

**उन्नाव :** जनपद में सोमवार सुबह क्राइम ब्रांच और सदर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ कर शातिर गौकश को गिरफ्तार किया है। गोली लगने से गौकश घायल हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार गौकश का एक साथी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तर अखिलेश सिंह ने बताया कि जनपद में गौवंशों की तस्करी के मामले में पुलिस की टीमें लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही हैं। इसी क्रम में सोमवार की भोर में क्राइम ब्रांच और सदर कोतवाली थाना पुलिस को फरार चल रहे गौकश की साथी के साथ भागने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच और सदर कोतवाली पुलिस ने कानपुर-लखनऊ हाइवे पर घेराबंदी की। इस बीच पीडी नगर के पीछे दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। उन्हें रूकने के लिए बोला गया तो उन्होंने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ एक बदमाश को पकड़ लिया। एएसपी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश फरार गौकश महताब आलम कुरैशी पुत्र अब्दुल रहमान निवासी इखलाक नगर है। गौकश पैर में गोली लगने से घायल है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मुठभेड़ के दौरान उसका एक साथी फरार हो गया है जिसकी तलाश कराई जा रही है। गिरफ्तार गौकश अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद हुए हैं।

# पशुपालन विभाग ने कैम्प लगाकर पशु चिकित्सा परामर्श एवं दवा का किया वितरण

एजेंसी



**अररिया :** जिले में कई दिनों से लगातार हो रही वर्षा एवं नदियों में जलस्तर वृद्धि को लेकर पशुपालन विभाग ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में कैम्प लगाकर पशु चिकित्सा परामर्श एवं आवश्यक दवा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के जोकीहाट, कुसाकांटा एवं पलासी प्रखंड अंतर्गत मदनपुर में जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा कैम्प लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा परामर्श तथा दवा वितरण किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से पशु को भूख नहीं लगना, डायरिया तथा अन्य प्रकार रोगों का उपचार कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया जा रहा है पशुपालन विभाग के अनुसार लगभग 40 प्रकार की दवा उपलब्ध कराया गया है। पशुपालन विभाग की टीम लगातार चिन्हित क्षेत्र में जाकर बीमार पशुओं का इलाज कर उन्हें आवश्यक दवा उपलब्ध करा रही है।

# शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.85 प्रतिशत और निफ्टी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और एशियन पेंट्स के शेयर 2.24 प्रतिशत से लेकर 1.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हीरो मोटोकॉर्प, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, कोल इंडिया, बजाज ऑटो और एक्सिस बैंक के शेयर 3.06 प्रतिशत से लेकर 2.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,404 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 764 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,640 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 15 शेयर हरे निशान में और 35 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 363.09 अंक की कमजोरी के साथ 85,208.76 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया?। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, इसके बावजूद बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि इस सूचकांक की चाल में सुधार नहीं हो सका। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 727.82 अंक टूट कर 84,844.03 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 117.65 अंक की गिरावट के साथ 26,061.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक भी लगातार नीचे गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 200.95 अंक लुढ़क कर 25,978 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 264.27 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,571.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 37.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 26,178.95 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## सराफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में सोमवार को मामूली गिरावट नजर आ रही है। इसके कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,540 रुपये से लेकर 77,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,090 रुपये से लेकर 70,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,940 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN बिजनेस

### 'रब से है दुआ' के शादी वाले सीक्वेंस के लिए धीरज धूपर ने अपनी को-स्टार सीरत कपूर के साथ दिलकश लाल पहनकर चलाया जादू

**रांची/मेट्रो रेज:** जी टीवी के शो 'रब से है दुआ' में दर्शकों का दिल जीत रहे धीरज धूपर ने हाल ही में इस शो के एक शादी वाले सीन से अपने लुक की एक झलक दिखाई जिसे देखकर फैंस भी वाह कह उठे। पूरे लाल रंग के पहनावे में सजकर धीरज ने प्यार और परंपरा के इस रंग को अपनाया, जो भारतीय शादियों का प्रतीक माना जाता है। उनकी लाल शेरवानी लाल चूड़ीदार और मेल खाती मोजरी भारतीय शादियों से बखूबी मेल खा रही थी, जिसमें लाल रंग को सांस्कृतिक महत्व का रंग माना जाता है। इस सीक्वेंस में जहां सुभान, मन्नत (सीरत कपूर) से शादी करने जा रहा है, वहीं दोनों कलाकार आपसी तालमेल वाले लाल आउटफिट्स में नजर आ रहे हैं। दोनों ने बड़ी खूबसूरती से लाल रंग अपनाया है जो शादी जैसे पवित्र समारोहों में सदियों से पहना जा रहे इस रंग की खासियत बयां करते हैं। धीरज ने कहा, ह्यह्यलाल एक दमदार रंग है जिसमें प्यार जुनून और परंपरा की झलक है, खासतौर पर भारतीय शादियों में इस रंग का अपना एक निराला अंदाज होता है। इस रंग में खुशी, तेज और आत्मविश्वास है, जो इस वेडिंग ट्रैक के लिए इसे परफेक्ट चॉइस बनाते हैं। यह रंग स्क्रीन पर कुछ खास ही नजर आता है और हमेशा एक स्टेटमेंट बनाता है।''जहां धीरज लाल रंग में दिलकश नजर आ रहे हैं वहीं दर्शकों को भी आने वाले एपिसोड्स में जबर्दस्त ड्रामा देखने को मिलेगा, जहां इबादत (येशा रुघानी) सुभान और मन्नत की शादी रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाएगी।

### 33 करोड़ से ज्यादा यूजर्स के साथ फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2024 ने की भारत में त्योहारी सीजन की शुरूआत

**रांची/मेट्रो रेज:** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) 2024 के 11वें संस्करण की शुरूआत कर दी है। फ्लिपकार्ट वीआईपी और प्लस ग्राहकों के लिए 26 सितंबर को अर्ली एक्सेस (एक दिन पहले) के साथ 27 सितंबर से सभी ग्राहकों के लिए टीबीबीडी की शुरूआत हो गई है। अर्ली एक्सेस डे और पहले दिन कुल मिलाकर 33 करोड़ से ज्यादा यूजर विजिट्स देखने को मिले, जो देशभर के खरीदारों के त्योहारी उत्साह को दिखाता है। मोबाइल, फूड एंड न्यूट्रिशन और ग्रूमिंग कैटेगरी में बढ़ती मांग के साथ शुरूआती ट्रेंड्स आगे जबर्दस्त त्योहारी सीजन का संकेत दे रहे हैं। टीबीबीडी 2024 के शुरूआती ट्रेंड्स ग्राहकों का जबर्दस्त उत्साह दिखा रहे हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्ज अप्लायंसेज, फैशन, ब्यूटी एवं होम प्रोडक्ट्स जैसी कैटेगरी में ग्राहकों के बीच सबसे ज्यादा मांग देखने को मिली। एक ओर जहां नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में टीबीबीडी के पहले 24 घंटों में ग्राहकों की तरफ से मांग में वृद्धि देखने को मिली, वहीं मेदिनीपुर, हिसार, बरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे छोटे शहरों से भी जबर्दस्त मांग दर्ज की गई है। एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, स्पोर्ट्स फुटवियर, कैजुअल फुटवियर एवं फॉर्मल फुटवियर जैसे प्रोडक्ट्स की शॉपिंग करते हुए ग्राहक अपनी लाइफस्टाइल को अपग्रेड कर रहे हैं। द बिग बिलियन डेज के 11वें संस्करण के मौके पर फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट- ग्रोथ हर्ष चौधरी ने कहा, 'हर साल भारत में त्योहारी सीजन की शुरूआत द बिग बिलियन डेज के साथ होती है, जो पूरे इकोसिस्टम को साथ लाता है।

### मिथुन चक्रवर्ती को इस साल 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' से नवाजा जाएगा

**नई दिल्ली/मेट्रो रेज:** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्विटर यानी  पर ये जानकारी शेयर की है। एक्टर को ये अवॉर्ड 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स सेरेमनी के दौरान दिया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए लिखा कि दिग्गज एक्टर मिथुन दा ने को उनकी उल्लेखनीय सिनेमाई सफर और भारतीय सिनेमा में अद्भुत योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने लिखा है, 'मिथुन दा की शानदार सिनेमाई जर्नी पीढ़ियों को प्रेरित करती है! यह घोषणा करते हुए मुझे गर्व हो रहा है कि दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने महान एक्टर मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके शानदार योगदान के लिए पुरस्कार देने का फैसला किया है।'

70वें नैशनल फिल्म अवॉर्ड्स समारोह में दिया जाएगा सम्मान

बता दें कि उन्हें ये सम्मान 8 अक्टूबर, 2024 को 70वें नैशनल फिल्म अवॉर्ड्स समारोह में दिया जाएगा। मिथुन चक्रवर्ती ने अपने करियर में अब तक करीब 350 से भी अधिक फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की कई फिल्मों में काम किया जिनमें हिन्दी से लेकर बांग्ला, ओड़िया, भोजपुरी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, और पंजाबी फिल्में भी शामिल हैं।

### बेंगलुरु में फर्स्ट मास्टर एथलेटिक्स मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



**बेंगलुरु/मेट्रो रेज:** बेंगलुरु में फर्स्ट मास्टर एथलेटिक्स मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड के संजय चक्रवर्ती,विजय सिंह,लक्ष्मण राम ने 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लिया जिसमें संजय चक्रवर्ती ने चौथा स्थान हासिल किया और झारखंड का नाम रोशन किया ,संजय चक्रवर्ती को झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव श्री लक्ष्मण राम ,अध्यक्ष राजकुमार वाल्मीकि ,निर्मला कुमारी रवि संजय रॉय , आर पी सिंह,राजेंद्र महतो ,वीरेंद्र साहू, पीसी देवगन, किशोरी लकड़ा, नरेश यादव, ने संजय चक्रवर्ती और सभी पार्टिसिपेट को झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई ,

### सैमसंग ने फेस्टिव सेल 'फैब ग्रैब फेस्ट' की घोषणा की

**रांची/मेट्रो रेज:** सैमसंग ने अपनी सबसे बड़ी फेस्टिव सेल 'फैब ग्रैब फेस्ट' की घोषणा की है। इस सेल की शुरूआत 26 सितंबर से हो रही है। इसमें गैलेक्सी स्मार्टफोन्स, टैबलेट्स, लैपटॉप्स, एसेसरीज, वियरेबल्स, स्मार्ट टेलीविजन, डिजिटल उपकरणों और स्मार्ट मॉनिटर्स पर आकर्षक डील्स एवं कैशबैक की पेशकश की जा रही है। ये अनूठे ऑफर्स सैमसंग.कॉम, सैमसंग शॉपऐप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। बाय मोर सेव मोर इस फेस्टिव सेल का मुख?य आकर्षण होगा बाय मोर सेव मोर, जिसमें  ग्राहक दो या ज्यादा उत्पाद खरीदने पर 5% तक का अतिरिक्त डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। यह ऑफर चुनिंदा स्मार्टफोन्स, वियरेबल्स, स्मार्ट टेलीविजन और डिजिटल उपकरणों की ही सैमसंग.कॉम या सैमसंग शॉप ऐप से खरीदी पर लागू है। बाय मोर सेव मोर के तहत, गैलेक्सी जेड फोल्ड6 खरीदने वाले उपभोक्ता सिर्फ 1249 रुपए में गैलेक?सी बड्स एफई प्राप्त कर सकते हैं और दूसरे ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। इसी तरह, गैलेक्सी बुक4 खरीदने वाले ग्राहक महज 1920 रुपए में एफएचडी फ्लैट मॉनिटर ले सकेंगे। बिना अतिरिक्त कीमत वाले कई अन्य उत्पाद हैं, जैसे कि कनवेक?शन माइक्रोवेव, जो बीस्पोक फैमिली हब फ्रिज खरीदने पर मिलता है। नियो क्यूएलईडी 8के स्मार्ट टेलीविजन खरीदने पर ग्राहकों को क्यू-सिम्फनी साउंडबार मिलता है।

### बेमौसम बारिश से किसान जल्दबाजी में धान की न करें कटाई, उत्पादन में पड़ सकता है प्रभाव

**कानपुर :** बेमौसम सितंबर और अक्टूबर के महीने में कई बार बारिश होती है। जिसके चलते किसान जल्दबाजी करते हुए धान की फसल काटने का फैसला ले लेते हैं, लेकिन ऐसा कदापि नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से धान के उत्पादन में असर पड़ता है। यह जानकारी सोमवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में धान की फसल में किसान भाइयों को अत्याधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जिन किसानों ने धान की अगैती रोपाई की थी, उनकी फसल पक कर तैयार हो रही है। कई जगहों पर धान की बालियों में दाने बनने की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे समय में फसल को काटने से उत्पादन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। धान की बालियां निकलने के समय कीटनाशक दवाओं का कदापि न करें प्रयोग, जीवन के लिए खतरनाक कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि धान की फसल में जब बालियां निकल आए और बाली से दाने बनने की प्रक्रिया होती है। उस दौरान कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग ना करें। यह उपज की गुणवत्ता और उत्पादन को प्रभावित कर सकता है। खास बात यह है कि अधिक कीटनाशकों का इस्तेमाल मिट्टी की उर्वरता को भी प्रभावित करता है। अंतिम समय में किया गया कीटनाशकों का उपयोग उपज को जहरीला बनता है।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान शिविर में 144 यूनिट रक्त संग्रह

**चाईबासा :** चक्रधरपुर के वनमालीपुर स्थित विधायक सुखराम उरांव के आवास में रविवार को लद्दू उरांव कल्याण समिति व दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, लद्दू उरांव कल्याण समिति के सचिव नवमी उरांव तथा दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. शिविर में कुल 144 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर चाईबासा ब्लड बैंक और सूर्या नर्सिंग होम के स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे. मौके पर भुवनेश्वर महतो ने कहा कि चाईबासा ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए विधायक सुखराम उरांव द्वारा यह शिविर आयोजन किया गया. यह काफी सराहनीय कार्य है. रक्तदान करने से एक दूसरे की जान बचाई जा सकती है. शिविर में 35 नये मतदाताओं ने रक्तदान किया. 15 महिलाओं ने भी रक्तदान किया. इस अवसर पर रक्तदान करने वाले सभी लोगों को लद्दू उरांव कल्याण समिति द्वारा वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर सदानंद होता, समाजसेवी बलराज हिंदवार,हेल्थ सोसाइटी के सचिव गौरीशंकर महतो, डिक्की राव, प्रदीप महतो, अमर बोदरा, विधायक प्रतिनिधि पीरु हेम्ब्रम, बीस सूत्री अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, दिनेश जेना, वेदप्रकाश दास, रवि मंडल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने मंत्री बन्ना का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर :** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी ने रविवार को खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता का उनके कदमा स्थित आवास पर अभिनंदन किया. मंत्री का अभिनंदन झारखंड कैबिनेट द्वारा पीडीएस डीलरों की मृत्यू होने पर 60 वर्ष के बाद मिलने वाली अनुकंपा को बहाल किए जाने तथा कमीशन में बढ़ोती की की खुशी में किया गया. अभिनंदन के दौरान मंत्री से दुर्गा पूजा के पहले कमीशन भेजने का अनुरोध किया गया. प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष मोहन साव पारस, महासचिव प्रमोद गुप्ता, मनीष अग्रवाल,उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, वरीय संगठन सचिव विनोद कुमार, जिला सचिव विनोद साव, कोर कमेटी सदस्य अविनाश मिश्रा, विलास साव, सिकंदर कुमार, गुलाब चंद साव आदि शामिल थे।

### सुंदरनगर थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**जमशेदपुर :** सुंदरनगर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक जादूगोड़ा सुरेश प्रसाद ने की. जहां मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा समेत शांति व पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे. वरीय पदाधिकारियों ने सभी पूजा समितियों से पूजा के नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया. सभी पंडालों में अग्निशमन की व्यवस्था, वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति, रात 10 बजे के बाद माइक नहीं बजाने, दिन में केवल भक्ति गाने ही बजाने का दिशा निर्देश दिया गया. अधिकारियों ने कहा बाइकर्स गैंग पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी. पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए भी कहा गया. साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान सभी पंडालों में और विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाने के लिए कहा गया।

### आदित्यपुर में झामुमो का नगर सम्मेलन दिखे 20 वर्ष से दरकिनार पार्टी के नेता

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर में झामुमो पार्टी का नगर सम्मेलन ऑटो क्लस्टर सभागार में रविवार को सम्पन्न हुआ. नगर सम्मेलन की खास बात यह रही कि इसमें पार्टी से 20 वर्ष से दरकिनार किए गए पार्टी के नेता और पुराने कार्यकर्ता जोशोखरोश से शामिल हुए. सम्मेलन में महिलाओं और पुरुष कार्यकताओं में गजब का जोश और उत्साह दिख रहा था. सम्मेलन के दौरान पार्टी के नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पार्टी छोड़ कर जाने से कोई फर्क पड़ेगा, पार्टी के कार्यकर्ता और कैडर आज भी झामुमो के साथ है. चूंकि हमलोगों ने बलिदान और आंदोलन से झारखंड को स्थापित किया है। इस सम्मेलन में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, पार्टी के महासचिव और चुनाव पर्यवेक्षक राजू गिरी, केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, वीरेन्द्र प्रधान, गुरुचरण मुखी, अमृत महतो, जिला अध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, उपाध्यक्ष भुंडा बेसरा, झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भुगलू सोरेन, कृष्णा बास्के आदि मौजूद रहे. जबकि पार्टी से दरकिनार रहे पूर्व जिलाध्यक्ष रुद्रो महतो, पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत प्रधान, पूर्व जिला सचिव सुधीर कराई, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष शेख हसन आदि फिर से सक्रिय दिखे।

### आरपीएफ ने बोकारो रेलवे स्टेशन से रांची की किशोरी को किया रेस्क्यू

**बोकारो :** बोकारो आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत रांची जिले के चान्हो की 17 वर्षीय किशोरी को रविवार को रेस्क्यू किया. बोकारो आरपीएफ पोस्ट के ओसी संतोष कुमार ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर बलराम मीणा ने मेरी सहेली टीम की मनीषा कुमारी व रेखा तिर्की के सहयोग से बोकारो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक उक्त किशोरी को पकड़ा. पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वो अपने परिजनों को बिना सूचना दिए घर से निकली है. बिना टिकट के ही वह ट्रेन में सफर कर बोकारो तक पहुंची है. किशोरी को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया।

### डॉक्टर सौम्य सेन गुप्ता ने अपने अनुभवी चिकित्सा के माध्यम से पंजाब में अपनी सशक्त पहचान बनाई

विनय मिश्रा




**राष्ट्रीय** स्तर पर डॉक्टर सेनगुप्ता ने प्रस्तुत किया मधुमेह और पांव पर बढ़ते प्रभाव, फूट अल्सर पर उनके शोध को मिली व्यापक सराहना, अनियंत्रित मधुमेह के कारण लोग गंवा रहे हैं अपने पैर, डॉक्टर सेनगुप्ता, भटिंडा पंजाब के एम्स आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में मैपिकॉन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया मालवा चैप्टर, पंजाब कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर से विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए,इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सौम्या सेनगुप्ता को भी डायबिटिक सुधार के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे उनके शोध की प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया गया था, उन्होनें बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों के बीच सीमित संसाधनों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मधुमेह के कारण होने वाली पैर की जटिलताओं की रोकथाम और प्रबंधन के बारे में अपने विचार, शोध और उद्देश्य प्रस्तुत किए, उन्होनें बताया कि अनियंत्रित डायबिटीज के कारण बड़ी संख्या में लोग फूट अल्सर के शिकार हो रहे हैं और अपने पैर से जुड़ी कई विषमताओं का सामना करने को विवश होते हैं, जिन्हें थोडी सावधानी से रोका जा सकता है, उन्होनें चिकित्सा जगत को इस परिस्थिति से उबरने के तरीकों की जानकारी उदाहरणों और चल चित्रों के माध्यम से प्रदान की डॉक्टर सेनगुप्ता के इस प्रस्तुति और विचारों से इस विषय में भविष्य की दूरदर्शिता और ग्रामीण स्तर मधुमेह की रोकथाम के उनके प्रयासों को व्यापक स्वीकार्यता और सराहना मिली, जिसे मधुमेह की परंपरागत चिकित्सा व्यवस्था और प्रणाली के सुधार के तौर पर एक कदम के रुप में समझा जा सकता है।

# आदिवासी मूलवासी को आगे बढ़ता नहीं देख सकती है भाजपा और कांग्रेसः एनोस

मेट्रो रेज



**ठेठईटांगरः** कांग्रेस और भाजपा कभी भी आदिवासी मुलवासी को आगे बढ़ता हुआ नहीं देख सकती है। कोई डिलिस्टिंग के माध्यम से आदिवासी समाज को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहा है तो कोई भोले भाले आदिवासियों की धार्मिक भावनाओं के साथ खेलकर ठगने का काम कर रहा है। पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का रविवार को दुमकी में आयोजित बुथ समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने कहा कि विस चुनाव में झापा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस ले। उन्होंने कार्यकताओं को झापा की पुंजी और आधार स्तंभ बताते हुए जोश भरने का काम किया। एनोस एक्का ने कहा कि नए जोश और उमंग के साथ सभी लोगों को पार्टी के साथ जोड़कर क्षेत्र के विकास के लिए झापा का झंडा पूरे जिले में लहराना है। उन्होंने जिले में जनता को कोई मान सम्मान नहीं मिलने, भ्रष्टाचार हावी होने की बात कहते हुए विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। बैठक को संदेश एक्का, मतियस बागे आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर किरण बा, चिराग तिर्की सहित कई झापा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**भाजपा और कांग्रेस के कारण खुद को ठगा महसूस करती है जनताः** संदेश संदेश एक्का ने अपने संबोधन में अपने पिता एनोस एक्का के कार्यो का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के षडयंत्र के कारण आज क्षेत्र की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है, लेकिन कोई भी नेता समस्या को दूर करने के प्रति गंभीर नहीं है। जनता समस्या दूर करने की बात करती है तो नेता धर्म के खतरे में होने के बात कह कर बरगलाने का काम करती है।

## कोल्हान आयुक्त हरि कुमार केशरी के प्रयास से विकास गति तेज हुयी है



ज्योति पाठक

**राज्य** के पाचवां प्रमण्डल के रूप में कोल्हान प्रमण्डल में आयुक्त हरि कुमार केशरी के बेहतर कार्य प्रणाली के फलस्वरूप कोल्हान प्रमण्डल में विकास गति काफी तेज हुयी है। इस प्रमण्डल अधीन तीन जिले पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसवां, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर में भी व्यापक रूप से विकास कार्यों को बेहतर दिशा निर्देश दिये जाने का ही यह परिणाम है कि कोल्हान प्रमण्डल विकास कार्यों से अपनी सशक्त पहचान बनाने में सफल रहा है। कोल्हान के 25वें आयुक्त के रूप में 6 मार्च 2024 को योगदान देने के पश्चात सात माह के कार्यकाल में ही इनके द्वारा बेहतर कार्य प्रणाली का ही यह परिणाम है कि कोल्हान में लोकसभा चुनाव काफी बेहतर ढंग के साथ-साथ शांति पूर्वक संपन्न हुए। यही नहीं वर्तमान समय में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आयुक्त के द्वारा 14 विधानसभा क्षेत्र में बेहतर ढंग से चुनाव कराने की प्रक्रिया को व्यापक रूप से गति दी जा रही है। यही नहीं लोगों में मतदान के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता और मतदान करने के प्रति उत्सूकता होगी। ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान के प्रति बेहतर ढंग से यह बताने का कार्य भी पूरजोर तरीके से किया जा रहा है कि मतदान हमारा सरकार बनाने के लिए अति आवश्यक है और अपनी सहभागिता निभाने का सशक्त माध्यम भी है। इसलिए पांच वर्ष में होने वाले चुनाव में अपनी दामदार सहभागिता और उपस्थिति अवश्य दर्ज करायें। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि एक्कीस वर्ष से आयु में कोल्हान की पहचान दमदार और पुरे राज्य में सशक्त है।



### लोगों के समस्या का दुरुस्त करना सर्वोपरि : मुनेश्वर तिर्की

**सिमडेगा :** अघरमा पंचायत के महुआ टोली ग्राम में वृध बेनेदिकता कीड़ो पति स्व जुवेल कीड़ो का घर भारी बारिश की वजह से 28/09/2024 को घर धँस गया है ग्रामीण अजीत तिर्की ने फोन के माध्यम से मुनेश्वर तिर्की को बताये और श्री तिर्की ने ग्राम जाकर पीड़ित परिवार से मिले और आपदा विभाग से बात कर उचित मुआवजा दिलाने का बात कहे ! मौके पर भाजयुमो मंडल महामंत्री महेश सिंह, राजन राम, अजीत तिर्की उपस्थित थे !

## फिरनाथ बड़ाईक को साथियों ने दिया बधाई

मेट्रो रेज




**सिमडेगा :** जिला सहायक अध्यापक संघ के महासचिव फिरनाथ बड़ाईक की नियुक्ति ळत्रळ्ळ शिक्षक के रुप में हुई है। दिनांक 27 सितंबर को संपन्न नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में इन्हें झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय हेमन्त सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।

सिमडेगा जिला सहायक अध्यापक संघ के सदस्यों में जबरदस्त खुशी का माहौल है। जैसे ही श्री फिरनाथ बड़ाईक के नियुक्ति की खबर फैली,सबों ने खुशी का इजहार किया और कहा कि यह उपलब्धि हमारे लिए एक प्रेरणा स्त्रोत का काम करेगा।

श्री फिरनाथ बड़ाईक ने भी अपने सफलता का श्रेय अपने उन दोस्तों व शुभचिंतकों को दिया है जिसने ज़िन्दगी के हर मोड़ पर आगे बढ़ने को प्रेरित किया है साथ ही अपने संघर्ष, लगन और कभी हार न मानने की जिद को भी श्रेय दिया है।

बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में जिलाध्यक्ष एहतेशामुल हक, सहसचिव राजनवीन केस, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, अचीवर्स एकेडमी के संचालक गणेश पाठक,जलडेगा के बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी,प्रदीप पटेल,सिमडेगा अध्यक्ष आनंद साहू, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष हरीश प्रधान, बानो प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष चरण सिंह, बांसजोर प्रखंड अध्यक्ष मुकुंदर नायक,कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष सुनील तिग्गा,नरेश नायक, रामचन्द्र प्रधान,गंजू लोहरा,मंजीत मघैया, लोकेन्द्र सिंह, राजकुमार यादव,सतीश प्रधान,बिभा कुमारी,सुनिता किड़ो, सुजाता कुमारी सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं हैं।

## जलापूर्ति योजना काम अविलंब पूरा हो, अन्यथा 1.5 लाख लोग वोट का बहिष्कार करेंगे




**बागबेड़ा :** ग्राम विकास संघर्ष समिति के संयोजक शिवजी सिंह एवं पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव के नेतृत्व में रविवार को पानी नहीं तो वोट नहीं के समर्थन में सुबह 7 बजे से साई मंदिर, यादव क्लब के सामने से पद यात्रा निकाला गया. पदयात्रा में लोग पानी नही तो वोट नही का नारा लगा रहे थे. पदयात्रा साई मंदिर से शुरू होकर कीताडी,ह ग्वालापट्टी , कीताडीहगुरूद्वारा रोड, मस्जिद पट्टी, मुइगुद्ध, हरहगुटटू का भ्रमण कर गांधीनगर शाखा मैदान में सभा में तब्दील हो गया। पदयात्रा में मुख्य रूप से श्याम किशोर, शिवजी सिंह, नीरज सिंह, किशोर यादव, सुनील गुप्ता, विनोद राम ,चतरभुज सिंह,राहुल , जेपी गोस्वामी, पिंटू सिंह, कुमुद यादव, प्राण राय , भगवान शर्मा, भोला यादव, दिलिप सिंह, संतोष राय, महादेव साहू, विष्णु ठाकुर सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे।

**जलापूर्ति योजना को शुरू नहीं करने पर ग्रामीणों में रोष :** सभा में पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव ने कहा कि पिछले 9 वर्षों से पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का काम कछुए की चाल से कर रहे हैं.237करोडरुपए खर्च होने के बाद भी योजना से जलापूर्ति शुरू करने का दर्जनों बार समय सीमा फेल हो चुकी है. पेयजल स्वच्छता विभाग विधानसभा चुनाव के पहले बागबेड़ा जलापूर्ति योजना से जलापूर्ति शुरू करें नही तो बागबेड़ाकीताडीह घाघीडीह करनडीह के लगभग 1.5 लाख लोग एकजुट होकर वोट का बहिष्कार करेंगे।

**ग्रामीण कई दफा जलापूर्ति योजना को लेकर कर चुके हैं आंदोलन :** बागबेड़ा क्षेत्र के लोगों में जलापूर्ति योजना का काम समय पर पूरा न होने के कारण गहरा असंतोष व्याप्त है. यह योजना कई वर्षों से अधूरी पड़ी है, जिससे स्थानीय निवासियों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है. गर्मियों के समय में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब जल संकट चरम पर होता है. लोगों ने इस मुद्दे पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए कई बार आंदोलन किए हैं और लगातार पदयात्राएं भी आयोजित की हैं. बावजूद इसके, प्रशासन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज करता हुआ प्रतीत हो रहा है. क्षेत्रवासियों का कहना है कि सरकारी उदासीनता के चलते उन्हें जल संकट का सामना करना पड़ रहा है. अब वे अविलंब इस योजना को पूरा करने की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें राहत मिल सके. अगर प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो लोग अपने विरोध को और तेज करेंगे।

## ओबीसी वर्ग के अभ्यार्थियों का शोषण बंद करें सरकार : श्रद्धानन्द बेसरा

### ओबीसी अभ्यर्थियों को चौकीदार भर्ती शारीरिक जांच परीक्षा में वंचित करने पर भाजपा नेता श्रद्धानंद ने जताया आक्रोश, राज्यपाल से लगाएंगे गुहार

मेट्रो रेज



**सिमडेगाः** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा को चौकीदार भर्ती में शारीरिक जांच में शामिल नहीं किए जाने पर वंचित अभ्यथीओं ने बुलाया। और श्री बेसरा को बताया कि शारीरिक जांच के तहत दौड़ में शामिल नहीं किया गया।

उक्त बातें के संबंध में श्री बेसरा ने उपायुक्त महोदय सिमडेगा से बातचीत किया और वंचित अभ्यर्थियों को दौड़ में शामिल करने के लिए आग्रह किए।

उपायुक्त महोदय ने बताया कि सभी सात जिलों में ओबीसी केटेगिरी के अभ्यर्थियों को उनके पारिवारिक स्तर के अनुसार ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जमा करने पर ही उन्हें शामिल किया जा सकता है।

उनके अनुसार सभी वंचित अभ्यथीओं के पास ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं थे इसलिए दौड़ में उन्हें शामिल नहीं किया गया। इससे वंचित अभ्यर्थियों ने कहा अगर उन्हें समय दिया जाए तो एक दो दिन में ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट बनवा कर जमा कर देंगे। परन्तु इनके आग्रह को स्वीकार नहीं किया गया और वे दौड़ में शामिल नहीं हो सके।

श्री बेसरा ने वंचित अभ्यथीओं को आश्वासन देते हुए कहा कि कि उक्त संबंध में राज्यपाल महोदय से उपरोक्त बातों का जिक्र करते हुए एक लिखित आवेदन देकर अवगत कराया जाएगा और सभी जिलों के वंचित अभ्यथीओं के लिए एक और मौका देने हेतु मांग रखा जाएगा। मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद ने कहा की वर्तमान की गठबंधन सरकार ओबीसी अभ्यर्थियों का लगातार शोषण कर रही है, संबंधित एजेंसी को पूर्व में छात्रों को यह सूचना देनी चाहिए कि ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जरूरी है, झारखंड सरकार कोई भी एग्जाम करती है तो प्रश्न पत्र लीक हो जाते हैं या फिर विवादों में फंस जाती है दरअसल झारखंड सरकार के मंसा ही नहीं है की झारखंड के बेरोजगार युवकों का नौकरी लगे, राजपाल से जल्द ही मिलकर इस विषय पर अभ्यार्थियों को न्याय दिलाने हेतु आग्रह किया जाएगा।

सिमडेगा जिला से वंचित अभ्यथीओं में केरसई के अनमोल कुमार कुरडेग प्रखंड से मोनिका कुमारी, सिमडेगा प्रखंड से कुनाल वर्मा,सपना कुमारी, सुरेन्द्र सिंह, अमित कुमार साहू ,हेमनरायण दास, बांसजोर प्रखंड से सुभाष साहु, तिलेश्वर साहु, बानो प्रखंड से रोशन कुमार साहू, तारा सिंह दिलेश्वर सिंह,भिमराज सिंह इत्यादि अभ्यर्थी शामिल नहीं हो सके।